संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....
06 दिसंबर 2024, शुक्रवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 70
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

आज होगी हेमंत कैबिनेट की बैठक, लिए जा सकते है कई महत्वपूर्ण फैसले

रांची । हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक छह दिसंबर को होगी।नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अध्यक्षता में कैबिनेट की यह दूसरी बैठक होगी।वही गुरुवार को मंत्रिमंडल के पूर्ण विस्तार के बाद कैबिनेट की यह पहली बैठक होने जा रही है। गुरुवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 11 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। माना जा रहा है कि कैबिनेट के बैठक में कई जनकल्याणकारी योजनाओं पर फैसले लिए जा सकते हैं।

हेमंत कैबिनेट का हुआ विस्तार, 11 मंत्रियों ने ली शपथ

संथाल परगना से हफीजुल अंसारी, इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह और संजय प्रसाद यादव बने मंत्री

इन सबको मिली कैबिनेट में जगह

झामुमो कोटे से ये बने मंत्री
रामदास सोरेन (घाटशिला)
दीपक बिरुआ (चाईबासा)
हाफिजुल हसन अंसारी (मधुपुर)
चमरा लिंडा (विशुनपुर)
सुदिव्य सोनू (गिरिडीह)
योगेंद्र प्रताप (गोमिया)

कांग्रेस कोटे से ये बने मंत्री
डॉ. इरफ़ान अंसारी (जामताड़ा)
दीपका पांडेय सिंह (महगामा)
शिल्पी नेहा तिर्की (मांडर)
राधाकृष्णा किशोर (छतरपुर)

राजद कोटे से ये बने मंत्री
संजय प्रसाद यादव (गोड्डा)

राज्यपाल ने स्टीफन मरांडी को प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलायी

रांची । झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को स्टीफन मरांडी को विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाई। राज्यपाल गंगवार ने राज भवन में आयोजित एक समारोह में मरांडी को झारखंड विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के पद की शपथ दिलाई। इससे पहले भी वे यह जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। झारखंड विधानसभा में स्टीफन मरांडी सबसे वरिष्ठ सदस्य हैं। वह पहली बार 1980 में विधायक चुने गये थे।

संवाददाता

रांची । झारखंड में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के छह दिन बाद गुरुवार को राजभवन के अशोक उद्यान में 11 मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शपथ दिलायी। झामुमो से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक विधायक को मंत्री बनाया गया है। इस दौरान प्रोटेम स्पीकर पद की भी शपथ दिलायी गयी।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सबसे पहले प्रो. स्टीफन मरांडी को प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाई। वहीं मंत्री के रूप में राधाकृष्ण किशोर ने सबसे पहले मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद दीपक बिरुआ, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार और शिल्पी नेहा तिर्की ने मंत्री पद की शपथ ली।

मंत्रिपरिषद में छह नए चेहरों को जगह दी गई है। नए चेहरों में झामुमो के चमरा लिंडा, सुदिव्य सोनू और योगेंद्र प्रसाद, कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की एवं राधा कृष्ण किशोर और राजद के संजय प्रसाद यादव को हेमंत कैबिनेट में जगह मिली है। मंत्रिपरिषद में झामुमो के छह, कांग्रेस के चार और राजद के एक विधायक को जगह मिली है। मधुपुर से विधायक हफीजुल हसन ने उर्दू और अन्य ने हिंदी में शपथ ली। कांग्रेस कोटे से दो महिलाओं को मंत्री बनाया गया है, जबकि झामुमो की ओर से एक भी महिला को मंत्री नहीं बनाया गया है। राज्य गठन के बाद पहली बार सवर्ण जाति से एक भी मंत्री नहीं बनाया गया है। पिछली बार गढ़वा से चुनाव जीते मिथलेश ठाकुर ब्राह्मण चेहरे के तौर पर मंत्री बने थे। इस बार वह चुनाव हार गये।

पांचों प्रमंडल को साधने की कोशिश

हेमंत मंत्रिपरिषद में संथाल परगना से चार विधायकों को जगह दी गई है। इसमें मधुपुर से हफीजुल अंसारी, जामताड़ा से इरफान अंसारी, महगामा से दीपिका पांडेय सिंह और गोड्डा से संजय प्रसाद यादव हैं। पलामू प्रमंडल से कांग्रेस विधायक राधाकृष्ण किशोर को शामिल किया गया है। कोल्हान से रामदास सोरेन और दीपक बिरूआ, दक्षिणी छोटानागपुर से दो और कोयलांचल से दो विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।

उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन ने राज्य के 14 वें मुख्यमंत्री के रूप में मोरहाबादी मैदान में 28 नंवबर को पद एवं गोपनियता की शपथ ली थी। विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन को 56 सीटे मिलीं। इनमें झामुमो की 34, कांग्रेस की 16, राजद की चार, भाकपा माले की दो सीटें शामिल हैं। भाजपा-नीत राजग को 24 सीटें मिलीं। राज्य की विधानसभा 81 सदस्यीय है।

कांग्रेस विधायकों की नाराजगी आई सतह पर, शपथ ग्रहण समारोह से दूर रहे कई विधायक

रांची । हेमंत सोरेन मंत्रीमंडल विस्तार गुरूवार को हो गया। झामुमो से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक विधायक ने मंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद से ही कांग्रेस के कई विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह में अनुपस्थित रहने की घटना ने राजनीतिक गलियारों में बयान बाकियों को बढ़ावा दे दिया है।बताया जाता है कि आने वाले दिनों में कांग्रेस को पार्टी के तौर पर झारखंड की सत्ता में अपनी भागेदारी तक गंवानी पड़ सकती है।कांग्रेस के 16 विधायकों में से अधिकांश ने समारोह से दूरी बना ली। हालांकि अभी कोई कुछ भी खुल कर बोलने को तैयार नहीं है।इनमें अधिकांश विधायक रांची में मौजूद रहें, लेकिन राजभवन नहीं पहुंचे।सूत्रों के अनुसार मान-मनौव्वल का दौर जारी है।वैसे तो कांग्रेस विधायकों की नाराजगी की कई वजहें हैं, पर दो वजहें प्रमुख हैं।पहली वजह यह है कि सामान्य जाति से किसी भी विधायक को मंत्री नहीं बनाया गया है।वैसे देखा जाये तो पूरे मंत्रिमंडल में सामान्य जाति से कोई मंत्री नहीं है।दीपिका पांडेय सिंह को ओबीसी माना जा रहा है।दूसरी बड़ी वजह दूसरे दल से टूट करके कांग्रेस में आने वाले विधायक को तरजीह देना बताया जा रहा है और इस सबके लिए कांग्रेस से शीर्ष नेतृत्व को जिम्मेदार माना जा रहा है। राधा कृष्ण किशोर अलग-अलग समय में दल बदलते रहे हैं।वह वर्तमान सरकार में भी मंत्री बने हैं।

फडणवीस तीसरी बार बने महाराष्ट्र के सीएम

मोदी और शाह की मौजूदगी में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

शिंदे और पवार ने डिप्टी सीएम पद की ली शपथ

एजेंसी

मुंबई । मुंबई के आजाद मैदान में देवेंद्र फडणवीस ने पीएम मोदी, शाह और नड्डा की मौजूदगी में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ ही अजित पवार ओर एकनाथ शिंदे ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ग्रहण की है।

मुंबई के आजाद मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में गुरुवार शाम 5.30 बजे देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधियां, केंद्रीय मंत्री और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने शिरकत की। उद्योगपति और सेलेब्रिटी भी पहुंचे महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला के साथ ही फिल्मी दुनियां की हस्तियां भी शामिल हुईं। इनमें वॉलिबुड के किंग खान शाहरुख खान, दबंग हीरो सलमान खान और संजय दत्त के साथ ही दुनियां के मशहूर क्रिकेटर रहे सचिन तेंदुलकर जैसी तमाम हस्तियां मौजूद रहीं हैं।

144 झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों को 35 सौ रुपए मासिक पेंशन मिलेगा : सीएम

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन राज्य की बागडोर संभालने के साथ एक्शन मोड में आ चुके हैं। उन्होंने गुरुवार को नई सरकार के मंत्रिपरिषद के गठन के साथ झारखंड आंदोलनकारियों को एक बड़ा तोहफा दिया। मुख्यमंत्री ने झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग की ओर से चिन्हित 299 आंदोलनकारियों की 30 वीं संपुष्ट सूची को मंजूरी प्रदान कर दी है। इनमें 144 चिन्हित आंदोलनकारी , आश्रित को 35 सौ रुपए और एक आंदोलनकारी आश्रित को सात हज़ार रुपए मासिक पेंशन मिलेगा। वहीं, 154 आंदोलनकारियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इन सभी को 20 अप्रैल 2021 की तिथि से सरकार के जरिये अनुमान्य सभी सुविधाएं दी जाएगी।

हंगामे के चलते लोस में नहीं पारित हो सका रेलवे विधेयक

एजेंसी

नई दिल्ली । लोकसभा में गुरुवार को रेलवे (संशोधन) विधेयक पारित किया जाना था लेकिन विपक्ष के संभल और अडाणी मुद्दे पर हंगामे के चलते कार्यवाही दो बार स्थगित होने के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

लोकसभा में आज संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के स्लोगन वाले जैकेट और टीशर्ट पहनने पर आपत्ति दर्ज कराई। विपक्ष संभल मुद्दे पर अपनी बात रखने को लेकर अड़ा रहा है। इसी बीच उद्योगपति गौतम अडाणी के खिलाफ नारेबाजी भी हुई। कार्यवाही को पहले 2 बजे फिर तीन बजे तक स्थगित किया गया। तीन बजे भी विपक्ष के हंगामे के कारण कार्यवाही को आखिरकार दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।

इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विपक्षी सांसदों के आक्षेप भरे स्लोगन लगी जैकेट पहनकर आने पर आपत्ति जताई और कहा कि विपक्ष ने अपने फैशन शो से सदन की गरिमा गिराई है।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं : हेमा मालिनी

नई दिल्ली । पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं। उनके घरों और प्रतिष्ठानों को जलाए जाने की खबरें भी आ रहीं है। अब यह मुद्दा भारतीय संसद में भी उठाया जा रहा है। भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और हिंदू संत चिन्मय कृष्णदास की गिरफ्तारी की बुधवार को संसद में निंदा की। लोकसभा में शून्य काल के दौरान हेमा मालिनी ने कहा, कि मैं स्वयं कृष्ण भक्त हूं और इस्कॉन की अनुयायी हूं। मैं कृष्ण की पावन नगरी मथुरा की प्रतिनिधि हूं। हम धर्म पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे।

इसरो ने फिर रचा इतिहास : प्रोबा-3 मिशन की सफल लॉन्चिंग

प्रोबा-3 मिशन के जरिए सूर्य की स्टडी की जाएगी

एजेंसी

श्रीहरिकोटा । भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर अपनी तकनीकी क्षमता और वैश्विक साझेदारी की मिसाल पेश करते हुए इतिहास रचने जैसा काम कर दिया है। गुरुवार शाम 4:04 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी-सी59 रॉकेट के जरिए प्रोबा-3 मिशन की सफल लॉन्चिंग की गई। यह मिशन यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के सहयोग से सूर्य के कोरोना के बीच के रहस्यमयी हिस्से की गहन अध्ययन करेगा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 5 दिसंबर गुरुवार शाम 4:04 बजे प्रोबा-3 मिशन की सफल लॉन्चिंग कर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। यह लॉन्चिंग पीएसएलवी-सी59 रॉकेट के जरिए सतीश धवन स्पेस सेंटर के लॉन्च पैड-1 से की गई। यह मिशन इसरो और यूरोपियन स्पेस एजेंसी (ईएसए) का साझा प्रयास है, जिसमें सौर अध्ययन के लिए विशेष तकनीक से लैस दो

सैटेलाइट्स को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया है। प्रोबा-3 मिशन में दो सैटेलाइट्स–कोरोनाग्राफ स्पेसक्राफ्ट और ऑक्लटर स्पेसक्राफ्ट–को अंतरिक्ष में 600 बाई 60,530 किमी की अंडाकार कक्षा में स्थापित किया गया। ये दोनों सैटेलाइट्स 150 मीटर की सटीक दूरी पर एक लाइन में सूर्य के कोरोना (सूरज के बाहरी परत) का अध्ययन करेंगे। कोरोनाग्राफ स्पेसक्राफ्ट (310 किलोग्राम)–यह सैटेलाइट सूर्य की तरफ मुंह करके खड़ा होगा और सौर कोरोना की संरचना व उसकी गहराई का अध्ययन करेगा।

कैबिनेट में सिर्फ दो मइयां को मिली जगह

अगड़ी जाति को नहीं मिली कोई तवज्जो

चंदन मिश्र

झारखंड में इंडिया गठबंधन की हेमंत सोरेन सरकार की कैबिनेट का आज विस्तार हो गया। झारखंड में मइयां सम्मान योजना की लहर में गठबंधन की सरकार तो बनी, लेकिन 12 सदस्यीय कैबिनेट में उस अनुपात में मईयाँ लोगों को जगह नहीं मिली। 30 फीसदी जगह भी उन्हें नहीं मिली। 12 में से सिर्फ दो मईयां को ही जगह मिल पाई। उसमें भी कांग्रेस पार्टी की दोनों विधायक मईयां इसमें शामिल हैं। झामुमो से किसी मइयां को कैबिनेट में जगह नहीं मिली, जबकि झामुमो के पास कैबिनेट के सबसे अधिक सात बर्थ हैं। झामुमो चाहता तो कम से कम एक मईयां को जरूर जगह मिल सकती थी। लेकिन झामुमो ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की। भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल होनेवाली लुईस मरांडी के नाम की चर्चा मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में चल रही थी, लेकिन यह सिर्फ चर्चा ही बनकर रह गई।

गठबंधन सरकार की नई मंत्रिपरिषद में आज 11 नए मंत्रियों ने शपथ ली है, इनमें अनुसूचित जनजाति के चार, ओबीसी के दो, अल्पसंख्यक समुदाय से दो, अनुसूचित जाति से दो तथा सवर्ण जाति से एक मंत्री शामिल हैं। सवर्ण जाति से दीपिका पाण्डेय सिंह आती हैं, हालांकि उनकी शादी ओबीसी परिवार में हुई है। लिहाजा उन्हें किस वर्ग में रखना चाहिए, यह एक चर्चा का विषय हो सकता है। कैबिनेट में इस बार किसी राजपूत, भूमिहार या कायस्थ को जगह नहीं दी गई। दीपिका पाण्डेय को छोड़ दें तो किसी सवर्ण को तवज्जो नहीं मिली है।

पुराने कम, नए चेहरे ज्यादा

मंत्रिपरिषद में नए और पुराने चेहरों का मिश्रण बताया गया है। लेकिन पुराने और अनुभवी चेहरों में एकमात्र नाम कांग्रेस के राधाकृष्ण किशोर हैं। जबकि चमरा लिंडा, योगेंद्र प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की, सुदिव्य कुमार सोनू और संजय प्रसाद यादव पहली बार सरकार में मंत्री बनाये गए हैं। रामदास सोरेन, दीपिका पाण्डेय सिंह, इरफान अंसारी तथा दीपक बिरुआ को पिछली सरकार में मंत्री के रूप में बहुत कम दिनों का अनुभव रहा। इस बार कैबिनेट में उन्हें द्वारा शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बाद हफ़ीजुल हसन को सरकार में पांच साल काम करने का अनुभव है।

अनुभवी चेहरों को किया किनारा

झामुमो, कांग्रेस और राजद में अनुभवी चेहरों को उनके दलों ने दरकिनार कर दिया। झामुमो में स्टीफन मरांडी, मथुरा महतो, लुईस मरांडी, जैसे नेताओं को कैबिनेट में जगह नहीं मिली। स्टीफन मरांडी और मथुरा महतो को लगातार दूसरी बार हेमंत सरकार की कैबिनेट में जगह नहीं मिली।

वहीं कांग्रेस में छह बार के विधायक प्रदीप यादव, पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव जैसे अनुभवी नेताओं को कैबिनेट में शामिल नहीं किया गया है।

राजद में भी पूर्व मंत्री रहे देवघर के विधायक सुरेश पासवान और हुसैनाबाद के विधायक संजय कुमार सिंह यादव को तवज्जो देने की बजाय कम अनुभवी संजय प्रसाद यादव को कैबिनेट में शामिल किया गया है।

क्षेत्रीय संतुलन बनाने की कोशिश

हेमंत सोरेन सरकार की कैबिनेट में शामिल मंत्रियों को क्षेत्रीय संतुलन बनाने के लिहाज से हर प्रमंडल से शामिल किया गया है। संताल परगना से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा इरफान अंसारी, हफ़ीजुल हसन, संजय प्रसाद यादव और दीपिका पाण्डेय सिंह, उत्तरी छोटानागपुर से योगेंद्र प्रसाद और सुदिव्य कुमार सोनू, दक्षिणी छोटानागपुर से शिल्पी नेहा तिर्की, पलामू प्रमंडल से राधाकृष्ण किशोर तथा कोल्हान से रामदास सोरेन और दीपक बिरुआ को शामिल किया गया है।

हेमंत सरकार की नई कैबिनेट के सामने अगला पांच साल चुनौती भरा होगा। झामुमो और कांग्रेस ने जनता के सामने जितनी लोक लुभावन घोषणाएं की हैं, उन्हें जनता तक पहुंचाना आसान नहीं होगा।

हेमंत मंत्रिमंडल में संताल परगना का वर्चस्व

सीएम हेमंत के अलावा चार मंत्री संताल परगना से

सुमन सिंह

दुमका । गुरुवार को झारखंड में कैबिनेट विस्तार के साथ ही हेमंत सोरेन सरकार के गठन का काम पूरा हो गया।जिन 11विधायकों ने गुरुवार को मंत्री पद का शपथ ली,उनमें सर्वाधिक 4 मंत्री संताल परगना से बने हैं।इसके अलावा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद संताल परगना के बरहेट से विधायक हैं।इस लिहाज से देखा जाए तो हेमंत सोरेन की नई सरकार में संताल परगना का वर्चस्व हो गया है।झामुमो कोटा से मधुपुर के विधायक हफीजुल हसन मंत्री बने हैं।वे पिछली सरकार में भी मंत्री थे।वहीं कांग्रेस कोटा से जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी दोबारा मंत्री बने हैं।कांग्रेस कोटा से ही महागामा विधायक डॉ दीपिका पांडेय सिंह भी रिपीट हुई हैं।संताल परगना के ही गोड्डा से विधायक संजय प्रसाद यादव राजद कोटा से मंत्री बनाये गये हैं।सामाजिक समीकरण को देखें तो संताल परगना से बनाए गए चारों मंत्रियों में दो मंत्री हफीजुल हसन और डॉ इरफान अंसारी मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं जबकि दो मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और संजय प्रसाद यादव ओबीसी से हैं।हेमंत सोरेन सरकार में संताल परगना का वर्चस्व होना अप्रत्याशित नहीं है।राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि झारखंड में सत्ता की चाबी संताल परगना से मिलती है।2024 में भी हेमंत सोरेन सरकार भारी बहुमत से सत्ता में लौटी है तो इसमें संताल परगना का अहम योगदान है।संताल परगना ने 18 सीटों में 17 सीटें महागठबंधन की झोली में दिया है।इसी समर्थन के अनुरूप हेमंत सोरेन सरकार में संताल परगना को प्रतिनिधित्व भी मिला है।सभी प्रमंडलों में सर्वाधिक चार मंत्री संताल परगना से बनाए गए हैं।

शेष पेज 2 पर...

गोड्डा से दो मंत्री, दुमका और पाकुड़ को नहीं मिला प्रतिनिधित्व

संताल परगना से जो चार मंत्री बने हैं उनमें सर्वाधिक गोड्डा जिला से दो मंत्री बने हैं-संजय प्रसाद यादव एवं दीपिका पांडेय सिंह।देवघर जिला से हफीजुल हसन मंत्री बने हैं जबकि डॉ इरफान अंसारी जामताड़ा जिला से हैं।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साहिबगंज जिला के बरहेट से विधायक है।इस सरकार में दुमका और पाकुड़ जिला को प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका है जबकि दुमका जिला के चार सीटों में तीन सीटों पर झामुमो की जीत हुई हैं।इनमें उपराजधानी की सीट दुमका से बंसत सोरेन लगातार दूसरी बार चुनाव जीत कर विधान सभा पहुंचे हैं।वे मंत्री भी रह चुके हैं।वहीं जामा से झामुमो विधायक डॉ लुईस मरांडी के मंत्री बनाए जाने का एक दिन पहले तक कयास लगाया जा रहा था।इधर पाकुड़ जिला के भी सभी तीन सीटों पर महागठबंधन की जीत हुई है।महेशपुर से झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी और पाकुड़ से निशात आलम को मंत्री पद के रेस में बताया जा रहा था पर पाकुड़ जिले से भी किसी को मंत्री नहीं बनाया गया है।

सभी चार मुस्लिम विधायक संताल से हैं, दो मंत्री बने

इंडी गठबंधन को जो 56 सीटें मिली है उनमें मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय से चार विधायक जीते हैं।वे सभी चार मुस्लिम विधायक संताल परगना से ही हैं।दो मुस्लिम विधायक झामुमो से और दो विधायक कांग्रेस से जीते हैं।झामुमो से हफीजुल हसन मधुपुर से और एमटी राजा राजमहल से विधायक चुने गए हैं जबकि कांग्रेस से डॉ इरफान अंसारी जामताड़ा से और निशात आलम पाकुड़ से विधायक हैं।इन चार मुस्लिम अल्पसंख्यक विधायकों में दो को हेमंत सरकार में मंत्री बनाया जाना स्वाभाविक ही हैं।डॉ. इरफान अंसारी कांग्रेस कोटा से और हफीजुल हसन झामुमो कोटा से मंत्री बने हैं।

संघर्ष, विरासत और सियासत का संगम है हेमंत सरकार के 11 मंत्रियों का राजनीतिक सफर

संवाददाता

रांची । झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को अपनी मंत्रिपरिषद का विस्तार किया। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 11 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। झामुमो से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक विधायक को मंत्री बनाया गया है। इस मंत्रिपरिषद में कुछ नेताओं ने संघर्ष के बल पर अपनी पहचान बनाई है, तो कुछ को सियासत विरासत में मिली है। खास बात यह है कि हेमंत सोरेन मंत्रिपरिषद संघर्ष और विरासत का मिश्रण है। जहां कुछ नेता संघर्षों से निकले हैं, वहीं कुछ ने अपनी विरासत को आगे बढ़ाया है।

ये बने मंत्री

संजय प्रसाद यादव (राजद)- राजद कोटे से गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव को लालू यादव और तेजस्वी यादव से करीबी का फायदा मिला। वे 2000 और 2009 में विधायक बने और इस बार मंत्री बने हैं।

रामदास सोरेन (झामुमो)- घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन ने जमशेदपुर पूर्वी में चुनाव लड़कर शुरुआत की। 2009 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप कुमार बलमुचू को हराकर पहली बार विधायक बने। उन्होंने 2019 और 2024 के चुनावों में भी भाजपा उम्मीदवारों को हराकर अपनी जगह मजबूत की।

चमरा लिंडा (झामुमो)- 2009 में राष्ट्रीय कल्याण पक्ष के टिकट पर विधायक बनने वाले चमरा लिंडा ने 2014 से लगातार झामुमो के टिकट पर जीत दर्ज की। बगावत के बावजूद पार्टी में उनका कद बढ़ा और अब वे मंत्री बने हैं।

हफीजुल अंसारी (झामुमो)- पिता हाजी हुसैन अंसारी के निधन के बाद हफीजुल ने राजनीति में कदम रखा। बीआईटी सिंदरी से बीटेक की डिग्री हासिल करने के बाद कुछ समय तक खनिज निगम में सर्वेयर की नौकरी भी की।

शिल्पी नेहा तिर्की (कांग्रेस)- बंधु तिर्की की पुत्री शिल्पी नेहा तिर्की लगातार दूसरी बार विधानसभा पहुंची हैं। विरासत में मिली राजनीति को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने मंत्री पद तक का सफर तय किया।

दीपिका पांडेय सिंह (कांग्रेस)- महागामा विधायक दीपिका को सियासत विरासत में मिली। उनकी मां कांग्रेस से जुड़ी रहीं और ससुर अवध बिहारी सिंह बिहार सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

दीपक बिरुआ (झामुमो)- चाईबासा के झामुमो विधायक दीपक बिरुआ ने 2009 से लगातार झामुमो के टिकट पर चुनाव जीता। उन्होंने 2009, 2014, 2019 और 2024 में चाईबासा सीट पर लगातार चार बार जीत दर्ज की है।

योगेंद्र प्रसाद (झामुमो)- गोमिया के विधायक योगेंद्र प्रसाद ने पंचायत अध्यक्ष के पद से शुरुआत की। कांग्रेस से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की और जनता दल तथा आजसू के बाद झामुमो में शामिल हुए। वे दो बार इस क्षेत्र से विधायक चुने गए और अब मंत्री पद तक पहुंचे हैं।

सुदिव्य कुमार का जिला प्रमुख से मंत्री बनने का सफर

गिरिडीह । झारखंड में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के छह दिन बाद गुरुवार को राजभवन के अशोक उद्यान में 11 मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शपथ दिलायी। मंत्रिपरिषद में गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार भी शामिल हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के कद्दावर नेता सुदिव्य कुमार पार्टी संगठन की पहचान एक मुखर विधायक के तौर पर बनी है। अपने भाई-बहनों में सबसे छोटे 54 वर्षीय सुदिव्य कुमार का सियासत से कभी खानदानी लगाव नहीं रहा, अपितु एक वाक्या ऐसा हुआ, जिससे इनके अन्तर्मन ने सार्वजनिक जीवन की राह पकड़ने के लिए विवश कर दिया। दरअसल 1989 में इनकी मुलाकात पृथक राज्य आंदोलन की अगुवाई करने वाले झारखंड के दिशोम गुरु जेएमएम प्रमुख शिबू सोरेन से हुई। उन्होंने युवा सुदिव्य कुमार का परिचय जाना। कहते हैं कि कुछ मिनटों की मुलाकात में झारखंडी लोगों के लिए अपना जीवन खपाने वाले गुरुजी की अनुभवी आंखों ने एकयुवा की कर्मठता को पढ़ लिया। गुरुजी ने युवा सुदिव्य कुमार के कंधे पर हाथ रखकर उज्जवल भविष्य का आशीष दिया और इसके साथ गुरुजी युवा सुदिव्य कुमार के आदर्श हो गये। शुरुआती दौर में सुदिव्य कुमार पृथक झारखंड आंदोलन से जुड़े। नब्बे के दशक में जेएमएम के बैनर तले सक्रिय राजनीति में कदम रखा। पृथक राज्य गठन के पश्चात गिरिडीह जिला प्रमुख बने। इस दौरान अपनी कुसलता से जिले में न सिर्फ पार्टी संगठन का विस्तार किया, साथ ही संगठन को जरूरी संसाधनों से जोड़कर धारदार बनाने का काम किया। पार्टी आलाकमान ने संगठन दल के प्रति निष्ठा और प्रतिबद्धता के मद्देनजर वर्ष 2009 में गिरिडीह सदर सीट से टिकट दिया। सफलता नहीं मिली। फिर पुनः 2014 में टिकट दिया, जहां आंशिक मतों से पराजय हुई। दस वर्षों की मेहनत और जन जुड़ाव के बाद 2019 में सफलता मिली और पहली बार विधानसभा पहुंचे। इसके बाद से ही 2024 का लक्ष्य हासिल करने की रणनीति के तहत जनमानस के दिलों में अपनी विशेष जगह बनाने में जूट गये। इसके फलस्वरूप पुनः 2024 में जनता के आशीर्वाद से विधानसभा पहुंचे।

कौन हैं इरफान अंसारी, जिन्हें हेमंत मंत्रिपरिषद में फिर शामिल किया गया

रांची । जामताड़ा के कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर अपनी मंत्रिपरिषद में शामिल किया है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की टिकट पर जामताड़ा विधानसभा सीट से लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की है। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार सीता सोरेन को पराजित किया था। वर्तमान में वह हज कमेटी के चेयरमैन भी हैं। अक्टूबर 2009 से अप्रैल 2023 तक जामताड़ा कांग्रेस जिला कमेटी के सचिव रह चुके हैं। डॉ इरफान अंसारी ने एमबीबीएस, एमडी की डिग्री हासिल की है। वह जनवरी 2002 से अक्टूबर 2004 तक सरकारी चिकित्सक के रूप में सेवा दे चुके हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार में डॉ इरफान को ग्रामीण विकास मंत्री बनाया गया था। वह जुलाई 2024 से नवंबर 2024 तक इस पद पर रहे। साथ ही डॉ इरफान अंसारी अगस्त 2019 से अगस्त 2021 तक झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रह चुके हैं। 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार इरफान अंसारी 112,829 वोट हासिल कर विजयी हुए। उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी, भाजपा के बीरेंद्र मंडल को 74,088 वोट मिले, जबकि स्वतंत्र उम्मीदवार तरुण कुमार गुप्ता को 6,219 वोट मिले। 2014 के विधानसभा चुनाव में इरफान अंसारी ने 67,486 वोटों के साथ जामताड़ा सीट जीती, उन्होंने भाजपा के बीरेंद्र मंडल को हराया, जिन्होंने 58,349 वोट प्राप्त किए और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के बिष्णु प्रसाद ने 52,029 वोट प्राप्त किए। डॉ इरफान अंसारी मूल रूप से देवघर जिले के सोनारायठाड़ी प्रखंड के नानीडीह गांव के रहने वाले हैं। वर्तमान में वह कोर्ट रोड जामताड़ा में रहते हैं। खेती-किसानी और किताब पढ़ना उनका सौक है। डॉ इरफान अंसारी का जन्म 29 मार्च 1975 को देवघर जिले के नानीडीह में हुआ था। इरफान अंसारी राज्य के कद्दावर कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी के पुत्र हैं।

सड़क हादसे में तीन की मौत, दो गंभीर घायल

गुमला जिले के बसिया थाना के पास हुई कार और ट्रक की टक्कर

संवाददाता

गुमला । झारखंड के गुमला जिले के बसिया में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात को बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक कार और ट्रक की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बसिया थाना के पास यह टक्कर रांची की ओर आ रही कार और गुमला की तरफ जा रहे ट्रक के बीच हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस और स्थानीय लोग हादसे के बाद मौके पर पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे की कोशिश के बाद घायलों को बाहर निकाला गया। दो गंभीर रूप से घायल लोगों को रांची स्थित अस्पताल भेजा गया है। हादसे में मृत हुए तीन लोगों की पहचान हो गई है। उनके नाम हैं सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के निवासी पवन कुमार साहू (45), रतन घोष (50) और प्रवीण राम (55)। दो घायल विश्वनाथ गोप (42) और असीम गोप (53) की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद ट्रक के ड्राइवर ने फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

हेमंत सोरेन मंत्रिपरिषद में राधाकृष्ण किशोर सबसे अनुभवी चेहरा

पलामू । विधानसभा चुनाव 2024 में छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर छठी बार निर्वाचित होकर विधायक बने राधाकृष्ण किशोर हेमंत सोरेन मंत्रिपरिषद में शामिल हो गए हैं। वे मंत्री बन चुके हैं। किशोर वरिष्ठ विधायक हैं। दलित समाज से आते हैं। 11 मंत्रियों में सबसे पहले राधाकृष्ण किशोर ने ही शपथ ली। 1980 में पहली बार विधायक बनने वाले राधाकृष्ण किशोर का 45 साल का राजनीतिक करियर रहा है। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के नई मुहल्ला के निवासी हैं। उनका राजनीतिक सफर की शुरुआत छात्र रहते हुए कॉलेज के प्रेसिडेंट बनने के साथ हुई थी। रांची विश्वविद्यालय से पीजी की डिग्री प्राप्त कर हेमंत सरकार में सबसे अनुभवी और सबसे उच्च डिग्री वाले मंत्री हैं। 1985 से 1990 तक बिहार सरकार में लेदर कॉरपोरेशन के चेयरमैन भी बने थे। राधाकृष्ण किशोर कहते रहे हैं कि जिस छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र की जनता ने अब तक किसी को भी दूसरी बार विधायक बनने का मौका नहीं दिया, उसी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें छठी बार विधायक बनाया है। वर्तमान दौर में किशोर पलामू के सबसे अनुभवी और विद्वान नेता हैं। उन्होंने अपनी राजनीति की शुरुआत कांग्रेस पार्टी से की थी। पहली बार 1980 में कांग्रेस के टिकट पर ही विधायक बने थे। दूसरी बार 2005 में उन्होंने कांग्रेस छोड़कर जदयू का दामन थाम विधायक बने। 2009 में फिर से जदयू छोड़कर कांग्रेस में वापसी की थी। इसके बाद 2014 में उन्होंने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शिरकत और विधायक बने। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने आजसू का दामन थाम लिया था। 2019 के चुनाव में हार के बाद, उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल होकर सबको चौंका दिया। वहीं 2024 के विधानसभा चुनाव में राजद से टिकट मिलने की प्रारंभिक घोषणा होने और फिर राजद कार्यकर्ताओं के विरोध के बाद उन्होंने फिर से कांग्रेस में वापसी की और जीत दर्ज की।

दाखिल खारिज में सुस्ती पर डीसी ने 9 सीओ को किया शो-कॉज

बोकारो । बोकारो की डीसी विजया जाधव ने जिले के विभिन्न अंचलों में जमीन के दाखिल-खारिज से संबंधित मामलों के निष्पादन में अंचल अधिकारियों (सीओ) की सुस्ती पर नाराजगी जताई है।उन्होंने जिले के सभी 9 अंचलों के सीओ, उनके राजस्व उप निरीक्षक व अंचल निरीक्षकों को शो-कॉज जारी किया है। डीसी की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि झारभूमि पोर्टल पर दाखिल खारिज के प्राप्त आवेदनों के निष्पादन राजस्व उप निरीक्षक, अंचल निरीक्षक व अंचल अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है। पोर्टल पर बड़ी संख्या में आवेदन लंबित हैं, जबकि कई आवेदनों को बिना ठोस कारण के अस्वीकृत किया गया है।वहीं, कुछ मामलों में बिहार टेनेंट्स होल्डिंग (मेंटेनेंस ऑफ रिकार्ड्स) एक्ट 1973 के सेक्शन 15 का उल्लंघन किया गया है।उन्होंने सभी अंचलों में दाखिल-खारिज के लंबित आवेदनों की संख्या पर नाराजगी जताई है।कहा कि स्पष्ट निर्देश के बावजूद दाखिल-खारिज के आवेदनों का समय पर पारदर्शिता के साथ निष्पादन नहीं करना लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने सभी सीओ सहित उनके मातहत राजस्व उप निरीक्षक व अंचल निरीक्षकों को शो-कॉज का जवाब 24 घंटे के अंदर देने का निर्देश दिया है।एक अन्य मामले में बोकारो की डीसी विजया जाधव के जनता दरबार में बारी को-ऑपरेटिव व नेताजी सुभाष को-ऑपरेटिव चास में सोसायटी सचिव व भू-माफियाओं की मिलीभगत से प्लॉट धारकों की जमीन पर अवैध कब्जा कराने की शिकायत मिली है।डीसी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी (डीसीओ) श्वेता गुड़िया को मामले की जांच का आदेश दिया है।उन्हें मामले की जांच कर जल्द रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

कांग्रेस आला कमान पर रामगढ़ जिला प्रवक्ता ने उठाया सवाल

रामगढ़ । झारखंड में हेमंत सरकार ने दूसरी पारी की शुरुआत की। गुरुवार को मंत्रिमंडल का विस्तार भी हो गया। लेकिन रामगढ़ जिले में कांग्रेस के नेता आला कमान से ही नाराज दिखे। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता मुकेश यादव ने शपथ ग्रहण के बाद ही सोशल मीडिया पर कांग्रेस आला कमान के फैसले पर सवाल खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान हमेशा उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल को नजरअंदाज कर देती हैं पता नहीं क्यों..। संख्या भारी और हिस्सेदारी का नारा भी सिर्फ नारा ही रह गया। रामगढ़ जिला प्रवक्ता के जरिये इस पोस्ट को सोशल मीडिया पर डालने के बाद लोगों ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को ही चुनौती दे दी है। कुछ लोगों ने कांग्रेस के स्थानीय विधायक को मंत्री नहीं बनाने पर नाराजगी जताई। कुछ लोगों ने कांग्रेस आला कमान के फैसले पर ही टिप्पणी करनी शुरू कर दी।

आठवीं बार पुलिस के हत्थे चढ़ा पीएलएफआइ नक्सली गोविंद मांझी

खूंटी । प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ का कुख्यात नक्सली गोविंद मांझी आठवीं बार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। मांझी रांची, खूंटी, चाईबासा, सिमडेगा सहित कई जिलों में व्यापारियों और ठेकेदारों से पीएलएफआइ के नाम पर लेवी वसूलने वाले गिरोह का सरगना है। पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे गुरुवार को जेल भेज दिया। उसकी गिरफ़्तारी कर्रा थाना क्षेत्र के करमडीह जंगल से की गयी। वह तपकारा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। तोरपा कें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्तोफर केरकेट्टा ने गुरुवार को अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गोविंद मांझी की गिरफ़्तारी से रांची, खूंटी, चाईबासा, सिमडेगा आदि जिलों में घटित कई मामलों का खुलासा हुआ है।

30 लाख रुपए में सीट बेचने की साजिश के आरोपों के बीच सीजीएल का रिजल्ट जारी किया गया : बाबूलाल

संवाददाता

रांची । बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीजीएल रिजल्ट को लेकर मोर्चा खोल दिया है।उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि जेएसएससी-सीजीएल का मामला फिलहाल कोर्ट में लंबित है, फिर भी झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जल्दबाजी में रिजल्ट जारी कर दिया जाना बेरोजगारों के गले नहीं उतर रहा है।खुद आयोग के सचिव ने कहा था कि जब तक मामला कोर्ट में है तब तक रिजल्ट घोषित नहीं होगा।उन्होंने आगे लिखा है कि 30 लाख रुपए में सीट बेचने की साजिशों के आरोपों के बीच, इंटरनेट बंद कर पेपर लीक की बात चर्चा में रही. अब छात्रों को अंधेरे में रखते हुए परिणाम जारी कर दिया गया।सोशल मीडिया में सितंबर का एक स्क्रीनशॉट भी वायरल हो रहा है, जिसकी हम पुष्टि नहीं करते। उसमें गड़बड़ी करने वाले दो रोल नंबर्स का ज़िक्र है। ताजा जारी परिणाम में इन दोनों रोल नंबर्स को सफल घोषित कर दिया गया है।यह गहन जांच का विषय है। बाबूलाल ने सीएम से आग्रह किया है कि इस परीक्षा परिणाम को रद्द करें।साथ ही पूरे मामले की सीबीआइ जांच कराएं। भाजपा सड़क से सदन तक युवाओं के हक के लिए लड़ाई लड़ेगी।

50 हजार रुपए घूस लेते कल्याण विभाग का हेड क्लर्क रंगेहाथ गिरफ्तार

लोहरदगा । कल्याण विभाग के पदाधिकारी को एसीबी ने 50 हजार रुपया घूस लेते गिरफ्तार किया है।एसीबी ब्रांच रांची की टीम ने गुरुवार को लोहरदगा में कार्रवाई करते हुए कल्याण विभाग लोहरदगा के बड़ा बाबु राजेन्द्र उरांव को गिरफ्तार किया।इसे लेकर लोहरदगा जिले के किस्को थाना क्षेत्र के निरहू गांव के निवासी तौहिद खान ने एसीबी से शिकायत करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक मुस्लिम कब्रिस्तान घेराबंदी निर्माण के लिए 24.98 लाख रुपया राशि स्वीकृत हुआ है।तौहिद ने कहा कि कब्रिस्तान घेराबंदी का 80 प्रतिशत काम पुर्ण हो चुका है।जिसके एवज में परिवादी को 8.95 लाख रुपया भुगतान किया जा चुका है। इसके लिए कल्याण विभाग लोहरदगा के बड़ा बाबु राजेन्द्र उरांव के द्वारा आठ प्रतिशत के हिसाब से 70 हजार रुपए रिश्वत के रूप में मांगी जा रही थी।वादी के द्वारा कम कराने के बाद 50 हजार रुपए लेकर काम करने को राजी हुए और बोले कि उक्त राशि नहीं देने पर फाइनल बिल का निकासी नहीं करेंगे।जिसके बाद इसकी शिकायत एसीबी से की गई।

सीसीएल के बंद सीएचपी रेलवे साइडिंग में सुरक्षा कर्मियों से भिड़े अपराधी

रामगढ़ । रामगढ़ थाना क्षेत्र के सीसीएल सिरका के बंद पड़े रेलवे साइडिंग में सुरक्षा कर्मियों से ही अपराधी भिड़ गए। बुधवार की देर रात हुई इस वारदात को लेकर सुरक्षाकर्मी गुरुवार को रामगढ़ थाना पहुंचे। जानकारी के अनुसार अपराधियों के दल ने रेलवे साइडिंग में धावा बोला और लोहे के एंग्ल को गैस कटर की मदद से काटना आरंभ कर दिया। गश्ती के दौरान जीएम ऑफिस के सुरक्षाकर्मी वहां पहुंचे तो अपराधियों की तरफ दौड़े। इस दौरान अपराधियों ने भी सुरक्षा कर्मियों पर हमला करने का प्रयास किया। लेकिन बाद में वे लोग लोहे के एंग्ल को छोड़कर फरार हो गए।

8 दिसंबर को आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में होगा कार्यक्रम, झारखंड के 108 कलाकार होंगे शामिल

रांची । अर्चा साहित्य कला अकादमी के तत्वाधान में 8 दिसंबर को 11 बजे आर्यभट्ट ऑडिटोरियम, रांची विश्वविद्यालय बेसिक साइंस कैंपस मोराबादी रांची झारखंड में होगा। यह कार्यक्रम झारखंड स्तर का है। इसमें झारखंड के विभिन्न राज्य से 108 कलाकार भाग लेंगे। 108 कलाकार एक साथ मिलकर एक मंच पर एक ही समय में 15 रवींद्रसंगीत प्रस्तुत करेंगे। इसमें महिला और पुरुष कलाकार दोनों रहेंगे। इस कार्यक्रम में संगीत का म्यूजिक शांतिनिकेतन से बनकर आया है। इन 15 गानों को 7 मेनटरों ने मिलकर सिखार्थी। इन सातों मेंटरों का नाम इस प्रकार है । (1) श्रीमती लिली मुखर्जी, (2) श्रीमती अपराजिता भट्टाचार्य, (3) श्रीमती कुमकुम बनर्जी, (4) डॉ पम्पा सेन विश्वास, (5) श्रीमती परोमिता चौधरी, (6) श्रीमती अपरूपा चौधरी, (7) श्रीमती रूमकी दास इन मेंटरों के साथ हमारे झारखंड की प्रसिद्ध रवींद्रसंगीत गुरु आदरणीया श्रीमती प्रणति लाहिड़ी अभिभावक के रूप में साथ में हैं। संगीत प्रस्तुति के समय सभी कलाकारों का परिधान साड़ी और पजामा कुर्ता एक ही कलर का होगा। अंग वस्त्र सर्टिफिकेट और मोमेंटो से कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी अर्चा साहित्य कला अकादमी के चेयरमैन डॉ पम्पा सेन विश्वास ने दिया है।

सभी मंत्रियों को सीपीआई (एम) ने दी बधाई

रांची । भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का राज्य सचिवमंडल श्री हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिपरिषद में शामिल होने वाले सभी मंत्रियों को बधाई देता है. सीपीआई (एम) को पुरी उम्मीद है कि आज शपथ लेने वाले सभी मंत्री आने वाले दिनों में झारखंड की जनता के बेहतरी के लिए काम करेंगे और उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगें ।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर आक्रमण और मंदिर तोड़े जाने के विरोध में निकला आक्रोश मार्च

कोडरमा । बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ ही बौद्ध, सिख सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अत्याचार के विरोध में गुरुवार को कोडरमा में सर्व सनातन समाज सड़कों पर उतरा और विरोध में आक्रोश रैली निकाल कर धरना दिया। प्रदर्शन कर रहे सर्व सनातन समाज ने कहा कि बांग्लादेश में रह रहे हिंदू अल्पसंख्यक आज खौफ और डर के साए में जी रहे हैं। बांग्लादेश में आए दिन कट्टरपंथी इन हिंदू अल्पसंख्यकों को अपना शिकार बना रहे हैं और हिंदू मंदिरों और मूर्तियों और पूजा स्थलों पर लगातार हमले कर रहे हैं। हिंदू समुदाय के जरिये इस अन्याय का बांग्लादेश में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने पर इस्कॉन मंदिर के पूज्य संत कृष्ण दास को गिरफ्तार कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार का मामला बढ़ता ही जा रहा है।

रांची में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए सीसीएल की अनोखी पहल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

रांची। झारखंड की जनता को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। कांके में 200 बेड वाले सुपर स्पेशलिटी (कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी) अस्पताल की स्थापना के लिए सीसीएल, बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान (बीएवीपी) और धन्वंतरी आरोग्य सेवा संस्थान (डीएएसएस) के बीच त्रिपक्षीय समझौता किया है। यह समझौता सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में आयोजित एक समारोह में किया गया। सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेन्दु कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में यह महत्वपूर्ण समझौता हुआ। इस अस्पताल की विशेषता यह होगी कि इसमें 200 बिस्तरों की क्षमता वाला अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की सुविधाएं किफायती दरों पर जनता के लिए उपलब्ध होगी। यह प्रस्तावित अस्पताल सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह के दूरदर्शी और प्रेरक नेतृत्व का परिणाम है। श्री सिंह के मार्गदर्शन में सीसीएल ने न केवल कोयला खनन क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की है, बल्कि समाज के समग्र विकास और कल्याण में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा, ÷सीसीएल का उद्देश्य सिर्फ कोयला उत्पादन नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना भी है। यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।÷उन्होंने कहा कि यह परियोजना झारखंड के हर वर्ग को सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी। श्री सिंह ने सीसीएल के कर्मचारियों और हितधारकों का आभार व्यक्त करते हुए इसे सामूहिक प्रयास और समर्पण का परिणाम बताया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, बीएवीपी और डीएएसएस के वरिष्ठ प्रतिनिधि, और सेवांकुर भारत की टीम के डॉक्टर्स उपस्थित रहे । अवसर विशेष पर ए. सी. मोहंता, डॉ. रत्नेश जैन, आर. आर. सिंह, पी. के. साहू और अमित प्रकाश एवं अन्य उपस्थित थे ।ज्ञात हो कि सीएमडी सीसीएल श्री निलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में कंपनी नित्य नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं और समावेशी विकास के पहलों से लोगों चेहरे पर मुस्कान फैला रही है।

पेज एक का शेष

हेमंत मंत्रीमंडल में संताल परगना.....

रवींद्रनाथ महतो दोबारा बन सकते हैं स्पीकर.....

मंत्रिमंडल विस्तार के बाद अब लोगों की नजरें स्पीकर पद पर टिकी हुई है।संताल परगना से ही महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी प्रोटेम स्पीकर हैं।सभी नव निर्वाचित विधायकों को प्रोटेम स्पीकर के रूप में स्टीफन मरांडी शपथ दिलाएंगे।उसके बाद स्पीकर का चुनाव होगा।

पिछली बार स्पीकर रहे रविन्द्र नाथ महतो इस बार भी नाला से विधायक निर्वाचित हुए हैं।सूत्रों के अनुसार झामुमो विधायक रविन्द्र नाथ महतो एक बार फिर से स्पीकर बनाए जा सकते हैं।

योग प्रतियोगिता परीक्षा में दो सौ बालिकाएं हुईं शामिल

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

साहिबगंज। देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से ए तीन बहनों की टोली द्वारा गुरुवार को जवाहर नवोदय विद्यालय में योग की एक प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई इसमें करीब 200 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता परीक्षा में अव्वल आने वाली तीन बालिकाओं को शुक्रवार को एक समारोह आयोजित कर पुरस्कृत किया जाएगा। परीक्षा को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य आरके सिंह शारीरिक शिक्षिका प्रिया भारती सरिता पोद्दार सविता कुमारी प्रियंका सोनी करुणामई भारती प्रमुख भूमिका निभाई। वहीं शहर के संत जेवियर विद्यालय हिंदी माध्यम में प्रेरक उद्बोधन की कक्षा में टोली द्वारा जीवन जीने की कला सिखाई गई। टोली में निष्ठा सिंह संजना चौधरी तेजस्विनी शामिल है। संत जेवियर स्कूल के प्राचार्य ने टोली के सदस्यों को बधाई पत्र देकर स्वागत किया।

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक झुलसा, अस्पताल में भर्ती

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

साहिबगंज । जिले के राजमहल अनुमंडल क्षेत्र के गदाई दियारा में गुरुवार को हाईटेंशन तार के चपेट मे आ जाने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया।आनन फानन मे झुलसे युवक को इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल लाया जहां चिकित्सक डॉ पिंकू चौधरी ने युवक का इलाज किया।झुलसा युवक गदाई दियारा निवासी रमेश सिंह का 19 वर्षीय पुत्र बैधनाथ कुमार है.परिजनो ने बताया कि घर का लाइन कटा हुआ था।युवक ने ट्रांसफार्मर के पास से अपनी तार को हिला रहा था। इसी दौरान 11 हजार तार के चपेट में आ जाने से बैधनाथ कुमार गंभीर रूप से झुलस गया। बरहाल झुलसे युवक बैधनाथ कुमार का इलाज साहिबगंज सदर अस्पताल मे चल रहा है।

महिलाओं के हक और अधिकार के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। गुरुवार को महिलाओं को अपने हक और अधिकार के लिए कानूनी जानकारी देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राँची के निर्देशानुसार राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ के तत्वाधान में विधान से समाधान विधिक जागरूकता कार्यक्रम सचिव अजय कुमार गुड़िया की उपस्थित में किया गया। कार्यक्रम में सचिव अजय कुमार गुड़िया ने बताया कि महिलाओं को अपने हक के कानूनी जानकारी होना जरूरी है। सचिव ने महिलाओं से जुड़े एसिड अटैक, दुष्कर्म, अपहरण, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, और घरेलू हिंसा, महिला कल्याण विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। महिला के साथ हो रहे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न उसके लिए हेल्प नंबर 181 व विधिक सहायता के लिए नालसा के टॉल फ्री नंबर 15100 पर कॉल करें। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी महिलाओं से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए लाभ लेने की बात कही गई। मेडिएटर समीर कुमार मिश्रा एवं राजीव कुमार झा ने महिला उत्पीड़न उसके हित से संबंधित निःशुल्क कानूनी सहायता से संबंधित कई बिंदु पर प्रकाश डाले ।मौके पर उक्त कार्यक्रम में डीएलएसए सचिव अजय कुमार गुड़िया, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू, अंचल पदाधिकारी भगीरथ महतो, मीडियेटर समीर कुमार मिश्रा, राजीव कुमार झा,बीपीआरओ ओम प्रकाश, बीपीओ अजीत मुर्मू, पैरा लीगल वॉलिंटियर्स याकूब अली, नीरज कुमार राउत जेएसएलपीएस के महिलाएं सकीना, दुलाली मंडल समेत अन्य उपस्थित रही।

मिल्क वेन और बोरिंग गाड़ी का आमने सामने हुई जोरदार टक्कर

कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के नदियाचक,नावाडीह में मिल्क वेन और बोरिंग गाड़ी के आमने सामने आने से जोरदार टक्कर हो गया। जिसमें दोनों ड्राइवर घायल है, वही इलाज के लिए ग्रामीणों की मदद से जामताड़ा सदर अस्पताल भेज दिया गया है वहीं लोगों से पूछताछ करने पर बताया कि मिल्क वेन बिहार बेगूसराय का है और बोरिंग गाड़ी नावाडीह भीठरा का है। कुछ दिन पहले भी 300 मीटर आगे रोड एक्सिडेंट हुआ था।

डीसी ने की कोल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़ । समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त मनीष कुमार ने कोल कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में डब्लूपीडीसीएल व बीजीआर के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में उपायुक्त ने भूमि अधिग्रहण को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण को लेकर जितने मामले लंबित पड़े है। उसका जल्द निपटरा करें। उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों में लंबित अनापत्ति प्रमाण पत्र, भूमि हस्तांतरण एवं लीज बंदोबस्ती, ग्राम सभा, मुआवजा, नियोजन, विस्थापन समेत अन्य मामलों की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।मौके पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह, अंचलाधिकारी अमड़ापाड़ा एवं कोल कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

संजय यादव को मंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

साहिबगंज/गोड्डा राजद विधायक संजय प्रसाद यादव को झारखंड मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने पर शहर के मछुआ सोसाइटी में राजद के प्रदेश महासचिव मुन्ना यादव के नेतृत्व में राजद कार्यकर्ताओ ने आपस में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियों का इजहार किया।इस मौके पर झारखंड राजद प्रदेश सचिव मुन्ना यादव ने मीडिया से बातें करते इंडिया गठबंधन के नेताओं को बधाई दी।साथ ही राहुल गांधी,हेमंत सोरेन,कल्पना सोरेन,राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के सभी नेताओं को धन्यवाद दिया।वही मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राजद नेता मुन्ना यादव ने कहा कि गोड्डा विधायक संजय यादव के जिम्मे जो भी विभाग सरकार निर्धारित करेगी। यादव झारखंड की जनता की सेवा शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे।मौके पर राजद जिला महासचिव सोनू यादव,नीतीश यादव,आनंद सिंह,आदित्य सिंह, छोटू यादव,प्रीतम कुमार,नीतीश यादव,विकास चौबे,मुन्ना कुरैशी, अमन सिंह समेत दर्जनों आरजेडी महागठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

5 जनवरी से टाउन हॉल पोखरिया में लगेगा शिल्प उत्सव मेला

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज साहिबगंज–शहर के पोखरिया टाउन हाल मैदान में शिल्प उत्सव मेला 5 जनवरी से 24 जनवरी तक चलेगा।जिसकी जानकारी महिला विकास सेवा केंद्र के बाजार संयोजक सुधीर शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा।उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा समाज के गरीब महिलाओं, दलितों,पिछडे बर्ग के हस्तशिल्पियों तथा उद्यमियों को अपने उत्पाद को प्रदर्शित एवं बिक्री करने का मौका देती है।उन्होंने बताया कि मेला में देश के विभिन्न राज्यों के शिल्पकार अपनी कला का प्रदर्शनी एवं लगभग 30 से 40 दुकान लगेंगे। जिसमें उन्हें नया बाजार मिलेगा एवं अपना जीवनयापन सही प्रकार से कर पायेंगे साथ ही इस पहल से बेरोजगारी की समस्या का निदान हो पायेगा।इस बाजार में लगभग सभी शिल्पकार भारत वस्त्र मंत्रालय द्वारा रजिस्टर्ड है।

जैप-09 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी महासंघ कार्यालय का उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।

जैप-09 परिसर में गुरुवार को झारखंड पुलिस चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ के ज़िला शाखा कार्यालय का उद्घाटन एसपी सह प्रभारी जैप 09 कमांडेंट अमित कुमार सिंह ने नारियल फोड़ कर व फिता काटकर किया। इस दौरान कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष पंकज ठाकुर की अगुवाई में पूजा अर्चना भी की गई। एसपी सह जैप कमांडेंट अमित कुमार सिंह ने कहा कि कार्यालय में विभाग के कर्मचारी व संघ के पदाधिकारी अपनी समस्याओं मंथन कर उसे वरीय पदाधिकारी के समक्ष रख सकेंगे। संघ के शाखा अध्यक्ष पंकज ठाकुर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यालय होने से संघ के सदस्य अब एक जगह बैठकर अपनी समस्याओं पर विचार विमर्श कर सकते हैं। से संघ के पदाधिकारी को अवगत करा सकेंगे। मौके पर संघ कई पदाधिकारी, जैप 09 के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

बाइक दुर्घटना में दो घायल

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)थाना क्षेत्र के दुमका लिट्टीपाड़ा मुख्य सड़क सूरजबेडा के समीप एक बाइक चालक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार बाइक चालक वसीम अंसारी उम्र 35वर्ष अमड़ापाड़ा की से लिट्टीपाड़ा की ओर आ रहे थे ठीक सूरजबेडा के समीप बाइक अनियंत्रित हो गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे बाइक चालक वसीम अंसारी के साथ साथ पीछे बैठे जोहरा खातून 31वर्ष घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर लिट्टीपाड़ा पुलिस घटनास्थल पहुंचकर घायल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिट्टीपाड़ा पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टरों द्वारा घायलों का ईलाज कर बेहतर ईलाज हेतु पाकुड़ रेफर कर दिया।

नेहरू युवा केन्द्र के बैनर तले मनाया गया अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बरहरवा।नेहरू युवा केंद्र संगठन साहिबगंज के बैनर देने अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस केंदुवा में मनाया गया। यह कार्यक्रम पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक अजीत कुमार घोष के नेतृत्व में मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस हर साल 5 दिसम्बर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र सभा में 17 दिसंबर 1985 में प्रस्ताव द्वारा इसे पारित किया गया था। यह दिवस सभी स्तरों (स्थानीय,राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय) पर बदलाव करने में लोगों के सहयोग के सम्मान का एक वैश्विक उत्सव है। इस दौरान स्थानीय शिक्षक संजय पंडित ने कहा कि समाज में पूजा - पाठ, मेला, एवं सामाजिक स्वच्छता कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों का अहम भूमिका होता है। राहुल पंडित सर ने कहा कि स्वयंसेवक को खेलकूद में भी बढ़ चलकर हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मीरा कुमारी, मनीषा कुमारी, लखी मरांडी, नेहा कुमारी, मंजू कुमारी, रोशन कुमार, आनंद कुमार, जय कुमार, शिव कुमार, मारांग कोड़ा हंसदा आदि स्वयंसेवक मौजूद रहें।

कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिले के 02 खिलाड़ी 01 टीम मैनेजर रवाना

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया और हरियाणा सरकार ने आगामी 07 से 11 दिसम्बर तक हरियाणा के भिवानी शहर में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 19 कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आरती कुमारी, रिया कुमारी (+2 उच्च विद्यालय,कोदरजन्ना) 27 से 05 दिसम्बर तक रांची में आयोजित विशेष कैंप के उपरान्त रांची से हरियाणा के लिए रवाना हो गए।वहीं +2 उच्च विद्यालय कोदरजन्ना, साहेबगंज के शारीरिक शिक्षक बिरेंद्र कुमार झारखंड राज्य टीम के साथ मैनेजर का दायित्व का निर्वहन करने के लिए टीम के साथ हरियाणा रवाना हुए ।उपायुक्त हेमंत सती, जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा, जिला ओलम्पिक संघ के राजेश यादव, माधव चंद्र घोष, कल्याण श्रीवास्तव, संतोष उर्फ टिंकू, खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव,अशोक साहनी,निमाई चौधरी,आदित्य कुमार, बमबम कुमार प्रभारी प्रधानाध्यापिका वंदना कुमारी,सोने लाल,आलोक कुमार,चंदन कुमार, प्रणव शर्मा, तोहिद आलम, महफूज सुभाषित, कुमार, संतोष कुमार,नवनीत कुमार सोनू ,अरुण कुमार दास,गौरव झा समेत जिले वासियों ने बेहतर प्रदर्शन हेतु जिले के दोनों खिलाडियों एवं मैनेजर को शुभ कामना दी ।

सड़क पर जबरन कब्जा कर मकान बनाने को लेकर पुलिस से कार्रवाई की मांग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

उधवा।राधानगर थाना क्षेत्र के बेलमोड़ से हाटपाड़ा जाने वाली ग्रामीण मुख्य सड़क पर जबरन मकान निर्माण कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीण आनंद मंडल, शिवपति मंडल, रतन कर्मकार, महावीर मंडल मंटू मंडल,रामचंद्र मंडल,उज्ज्वल शाह, इंद्रजीत मंडल आदि ने गुरुवार को राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराकर मकान निर्माण में रोक लगाने की मांग की है। पुलिस को आवेदन देकर ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बेलमोड़ से बेगमगंज हाटपाड़ा जाने वाली सड़क लगभग 50 से 60 फीट चौड़ाई है। जिससे स्थानीय लोगों के साथ साथ प्रतिदिन छोटी बड़ी वाहनों का परिचालन लगातार जारी है। उक्त सड़क पर अचानक उत्तरी बेगमगंज गांव के सुकदेव मंडल,प्रीतम मंडल व पियूष मंडल सभी एकजुट लाठी, डंडा से लैश होकर सरकारी रास्ता पर जबरन मकान निर्माण कर रहा है। ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर आरोपी द्वारा गाली गलौज एवं मारपीट करने की धमकी दे रहे है। सरकारी रास्ता पर मकान निर्माण होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होगी। वही ग्रामीणों ने थाना पुलिस से अविलंब मकान निर्माण में रोक लगाकर आरोपित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मामले को लेकर स्थानीय पुलिस छानबीन कर रही है।

बाइक दुर्घटना में प्रधान शिक्षक घायल

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज/बोरियो थाना के बोआरीजोर मुख्य पथ के राझन के समीप सड़क दुर्घटना में प्रधान शिक्षक घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय मठियों के प्रधान शिक्षक श्रीकांत सिंह अपने बाइक में सवार होकर मंडरो से बोरियो आ रहे थे इसी दौरान सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। वही घायल अवस्था में उसे बोरियो सीएचसी में भर्ती किया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया।

दीपिका पांडेय के मंत्री पद की शपथ लेने के बाद महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

महागामा । प्रखंड के बसुआ चौक पर गुरुवार को महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने विधायक दीपिका पांडेय सिंह के मंत्री पद की शपथ लेने के बाद जोश और उत्साह के साथ जश्न मनाया। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों पर नृत्य किया और खुशी में झूमते नजर आए। पूरे माहौल में उत्सव का रंग छा गया। समर्थकों ने एक स्वर में दीपिका पांडेय सिंह के समर्थन में ÷दीपिका पांडेय सिंह जिंदाबाद÷ और ÷महागामा की शान, दीपिका पांडेय सिंह÷ के नारे लगाए। स्थानीय लोगों ने भी मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। क्षेत्र में जगह-जगह पटाखे फोड़े गए। इस अवसर पर कई वरिष्ठ कार्यकर्ता पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और दीपिका पांडेय सिंह के मंत्री बनने को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि दीपिका पांडेय सिंह की सादगी, संघर्ष और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। लोगों ने उन्हें एक प्रमुख नेता और समाजसेविका बताते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में महागामा क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छुएगा। जहां सभी ने मिलकर एकता और समर्पण की भावना को मजबूत किया।इस मौके पर की संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वाहन जॉच के क्रम में दी गई हिदायत

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज गुरुवार को जिला परिवहन विभाग ने जीरवाबाड़ी थाना पुलिस के सहयोग से जीरवाबाड़ी थाना मुख्य सड़क पर वाहन जॉच अभियान चलाया जिसमें दो पहिया व चार पहिया वाहन के कागजातों की जॉच कि गई।वही वाहन जॉच के क्रम में वाहन जॉच पदाधिकारियो ने सुरक्षा के दृष्टिकोण के मद्देनजर चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का उपयोग करने का कड़ा निर्देश दिया,साथ ही दोपहिया चालकों को हेलमेट पहन कर वाहन चलाने को कहा।

अज्ञात द्वारा रात में पटाखे फोड़ने को लेकर थाने में दिया आवेदन

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज गुरुवार को जिले के नगर थाना क्षेत्र स्थित अलीनगर के वासियों ने नगर थाना में आवेदन देकर बताया है कि पिछले कुछ दिनों से कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा मध्य रात्री में कभी उसके घर तो कभी किसी और के घर के दरवाजे खिड़कियों के पास उच्चतम आवाज के पटाखों को फोड़ा जा रहा है।जब उक्त घरावले बाहर निकलते है तो वहां कोई नजर नहीं आता जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि कोई इस तरह का कार्य कर फरार हो जाता है। या फिर छिप जाता है।जिससे मोहल्लेवासियों की नींदों में खलल पड़ रहा है व भय का माहूल बन गया है।मामले में नगर थाना पुलिस ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

मनरेगा संचालित योजनाओं से संबंधित दूसरे चरण का प्रशिक्षण आरंभ

संवाददाता नाला (जामताड़ा)-- उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद जामताड़ा के निर्देश के आलोक में गुरूवार को नाला प्रखंड सभागार में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर दूसरे चरण के प्रथम दिन का प्रशिक्षण का हुआ समापन। मालूम हो कि इस अवसर पर प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर पंचायत राज विभाग के सोहराब अली तथा प्रशिक्षु मुखिया अजित मुर्मू तथा दिलीप बास्की के द्वारा प्रशिक्षण दी गई। इस अवसर पर प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी मुखिया तथा पंचायत सचिव एवं प्रज्ञा केंद्र संचालक को योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। इस दौरान 7 रजिस्टर के संधारण, वर्क कोड खोलने, जॉब कार्ड बनाने तथा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून 2005 की विस्तृत जानकारी दी साथ ही बताया गया कि पंचायत भवन में सभी कार्यों का निष्पादन डिजिटली की जाएगी। इस क्रम में प्रशिक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि नाला प्रखंड में मनरेगा के तहत जितने भी योजनाएं संचालित है सभी योजनाओं का ऑनलाइन डिजिटली संचालित होगी और पंचायत में ही सभी कार्यों का संचालन एवं निष्पादन किया जाएगा7 इस दौरान प्रज्ञा केंद्र संचालक(भीएलई) के कार्यों के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रशिक्षकों के द्वारा दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की देखरेख व पर्यवेक्षण पंचायत राज समन्वयक तरुण कुमार हेम्ब्रम के द्वारा किया गया। मौके पर मुखिया सनोहरी हेम्ब्रम, चुनाई किस्कु, बबलु मुर्मू, कमला मोहली, रानी सोरेन, विवेक मंडल, मिनिसर मुर्मू, सावित्री किस्कु, दिलीप टुडू, प्रेमो कोड़ा के अलावे पंचायत सचिव कृष्ण पद पातर, हरिलाल सोरेन, विश्वनाथ सोरेन, निलीमा कुमारी, भीएलई सनातन सोरेन, लालटु दास, रंजन माजी, सुशांत घोष आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

बांग्लादेश के सत्ता संघर्ष में भारत और हिंदू मोहरा बने?

बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना को भारत सरकार ने पनाह दे रखी है। जिस तरह से उन्होंने धांधली कर चुनाव जीता था, उसके बाद से ही उनके खिलाफ बांग्लादेश में वातावरण बनने लगा था। रही सही कसर अदानी समूह के साथ बिजली समझौते ने बांग्लादेश की राजनीति और सत्ता संघर्ष को बढ़ाने का काम किया। कहा जाता है, शेख हसीना ने इस समझौते में भारी भ्रष्टाचार करते हुए बिजली का अनुबंध किया था। बांग्लादेश में चुनाव जीतने के लिए जिस तरह से चुनाव कराए गए थे। विपक्षियों को चुनाव में भाग लेने से रोका गया था। उसके बाद से ही शेख हसीना को बांग्लादेश में चारों तरफ से चुनौतियां मिलना शुरू हो गई थी। वह तानाशाही की तरफ बढ़ती चली जा रही थीं। विपक्षियों का दमन किया जा रहा था। महंगाई और बेरोजगारी जैसे मामलों में शेख हसीना सरकार की उपेक्षा के परिणाम स्वरूप छात्र आंदोलन सड़कों पर आ गया। आंदोलनकारी छात्रों के ऊपर गोलियां चलाई गई। इससे माहौल बुरी तरह से बिगड़ गया। एक समय ऐसा भी आया, जब शेख हसीना को अपनी जान बचाकर बांग्लादेश से भागना पड़ा। उन्होंने भारत में शरण ली। भारत में शरण लेने के बाद वह निरंतर यूनुस सरकार पर हमलावर हैं। जिसके कारण बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में तनाव बढ़ता चला जा रहा है। इसका असर बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं और भारत के संबंधों पर पड रहा है। शेख हसीना के समय बांग्लादेश में जिस तरीके का नरसंहार हुआ था। पुलिस और सेना ने आम नागरिकों के ऊपर जिस तरह के अत्याचार किए थे। हाल ही में शेख हसीना ने नरसंहार के लिए उस समय के निर्वासित नेता यूनुस को जिम्मेदार ठहराने वाला बयान दिया है। 4 माह पहले शेख हसीना बांग्लादेश से जान बचाकर भारत में शरण ली है। वह भारत में बैठकर जिस तरीके के बयान लगातार दे रही हैं। उसके कारण भारत के बांग्ला देश के साथ संबंध लगातार खराब हो रहे हैं। अदानी का बिजली वाला समझौता भी बांग्लादेशी नागरिकों को यह बता रहा है। महंगी दरों पर बिजली खरीद करके शेख हसीना ने भारी भ्रष्टाचार किया था। शेख हसीना के भ्रष्टाचार की चर्चा घर-घर में हो रही है। शेख हसीना को बचाने के लिए भारत सरकार अपने राजनायिक रिश्तो को बलि पर चढ़ा दिया है। बांग्लादेश के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के स्थान पर, शेख हसीना को बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप करने का अवसर भारत सरकार द्वारा दिया जा रहा है। वर्तमान स्थिति में जिस तरह से भारत सरकार को बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में जो प्रयास करना चाहिए। बांग्लादेश सरकार से बातचीत करके मामले को सुलझाने की पहल करनी चाहिए। उसके स्थान पर भारत बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खिलाफ अघोषित रूप से एक पार्टी बनकर उभर रही है। भारत में अल्पसंख्यक मुसलमानो के साथ जिस तरह का व्यवहार हो रहा है। उसकी प्रतिक्रिया अब बांग्लादेश में भी देखने को मिल रही है। जिसके कारण बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ नरसंहार की एक नई शुरुआत देखने को मिल रही है। जो इसके पहले कभी भी बांग्लादेश में नहीं थी। इस्कॉन मंदिर अभी तक किसी राजनीति में नहीं रहता था। बांग्लादेश में इस्कान मंदिर के स्वामी ने जिस तरह का बयान दिया। उसे कहीं से भी न्याय संगत नहीं ठहराया जा सकता है। इस्कान मंदिर हमेशा प्रेम और सद्भाव के कारण सारी दुनिया में तेजी के साथ फैला। बांग्लादेश में वह भी विवादित बन गया है। अंतरिम सरकार के राष्ट्रपति मोहम्मद यूनुस हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंता को प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। उन्होंने कहा, उनके पास इसके ठोस आधार हैं। उन्होंने शेख हसीना पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रत्यापन की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच में प्रत्यावर्तन संधि का समझौता है। भारत को इसका पालन करना चाहिए। भारत सरकार को बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को सामान्य और बेहतर बनाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। भारत सरकार इस मामले को हिंदू और मुसलमान के एंगल से देखकर शेख हसीना को बचाने के चक्कर में खुद एक पार्टी बन गईं है। जिससे भारत की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य मामलों में पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को लेकर दूरियां बनना शुरू हो गई हैं। यह स्थिति चिंताजनक है। हाल ही में भारत के कई हिस्सों में बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन हुए हैं।

भाजपा को हिंदुत्व की राह पर चलने में ही पार्टी का भला

अशोक भाटिया

2024 लोकसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी में बहुत कुछ बदला है। लोकसभा चुनावों में शिकस्त मिलने के बाद केंद्र में सरकार तो बन गई पर फैसले लेने में सरकार पहले जैसी कॉन्फिडेंट नहीं दिख रही है। यही कारण है कि भाजपा ने अब हिंदुत्व की राह पर चलने का फैसला कर लिया है । इस हिंदुत्व के फैसले को बल देने के लिए भाजपा मुख्यमंत्रियों में होड़ लग गई है ।असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पिछले दिनों ऐसे फैसले लिए हैं और ऐसे बयान दिए हैं कि योगी आदित्यनाथ भी फीके पड़ जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि दोनों मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हिंदुत्व से आगे निकलना चाहते हैं।यही नहीं योगी आदित्यनाथ भी इधर कुछ दिनों से लगातार उग्र हिंदुत्व की राह पर है।इस तरह पर तीन मुख्यमंत्रियों के बीच उग्र हिंदुत्व का झंडाबरदार बनने की होड़ लगी हुई है।हिमंता बिस्वा सरमा के मुसलमानों के खिलाफ लगातार बयान, इसके साथ ही चाइल्ड मैरिज के नाम पर मुस्लिम शादियों में रुकावट डालने तथा जुम्मे की नमाज को लेकर जो फैसले हुए हैं, उसे साफ तौर पर पता चलता है कि हिमंता हिंदुत्व की राह पर तेजी से दौड़ रहे हैं। अब असम विधानसभा मुस्लिम विधायकों को शुक्रवार को नमाज अदा करने के लिए दिए जाने वाले दो घंटे के अवकाश को खत्म करेगी। हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया कि 2 घंटे की जुम्मा छुट्टी को खत्म करके, असम विधानसभा ने उत्पादकता को प्राथमिकता दी है और औपनिवेशिक बोझ के एक और अवशेष को हटा दिया है। उन्होंने आगे लिखा कि यह प्रथा 1937 में मुस्लिम लीग के सैयद सादुल्ला द्वारा शुरू की गई थी। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए स्पीकर बिस्वजीत दैमारी और हमारे विधायकों को मेरा आभार।

हिमंता बिस्वा सरमा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उनमें ''मूलतः राज्य के निवासी हिंदू विधायकों'' को विधानसभा में अपनी बात नहीं रखने देने की प्रवृत्ति विकसित हो गई है। असम भूमि एवं राजस्व विनियमन (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा के दौरान, शर्मा ने अपनी पार्टी के विधायक भुवन पेगू के भाषण को बाधित करने के लिए भी विपक्षी सदस्यों की कड़ी आलोचना की। शर्मा ने पेगू का बचाव करते हुए कहा, मूलतः राज्य के निवासी हिंदू विधायकों को सदन में नहीं बोलने देने की एक नयी प्रवृत्ति उत्पन्न हो गई है। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है। कृपया इतने आक्रामक न हों। हमारी जमीन के बाद अब विधानसभा पर कब्जा करने की कोशिश न करें। पेगू तत्कालीन पूर्वी बंगाल से असम में लोगों के कथित प्रवासन और आक्रामकता के बारे में पुराने विधानसभा रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए एक बयान दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, आप हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर बात करना बंद नहीं कर सकते। ये जीवन की कठोर वास्तविकताएं हैं। हाल ही में राज्य विधानसभा में बोलते हुए, असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि - मैं असम को मियां लोगों की भूमि नहीं बनने दूंगा।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को गोमांस खपत को प्रतिबंधित करने के लिए राज्य में बीफ प्रतिबंध को रेस्तरां, होटलों और सार्वजनिक कार्यक्रमों तक बढ़ा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में हमने निर्णय लिया है कि किसी भी रेस्तरां या होटल में गोमांस नहीं परोसा जाएगा और किसी भी सार्वजनिक समारोह या सार्वजनिक स्थान पर भी गोमांस नहीं परोसा जाएगा, इसलिए आज से हमने निर्णय लिया है कि होटल, रेस्तरां और में गोमांस का सेवन पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पहले हमारा निर्णय मंदिरों के पास गोमांस खाना बंद करने का था लेकिन अब हमने इसे पूरे राज्य में विस्तारित कर दिया है कि आप इसे किसी भी सामुदायिक स्थान, सार्वजनिक स्थान, होटल या रेस्तरां में नहीं खा पाएंगे। मौजूदा असम मवेशी संरक्षण अधिनियम 2021 के अनुसार, उन क्षेत्रों में गोमांस और गोमांस उत्पादों की बिक्री या खरीद पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जो मुख्य रूप से हिंदू, जैन, सिख और अन्य गैर गोमांस खाने वाले समुदायों द्वारा बसाए गए हैं या किसी मंदिर या अन्य धार्मिक संस्थान के 5 किलोमीटर के दायरे में हैं।

हिमंता के लिए हिंदुत्व का पोस्टर बॉय बनने की धुन आज की नहीं है। भारतीय जनता पार्टी जॉइन करने के बाद से ही उन्होंने हार्डकोर हिंदुत्व की राह पकड़ ली थी। मुस्लिम आबादी को लेकर लगातार बयान,चाइल्ड मैरेज के नाम पर मुस्लिम शादियों में रुकावट डालने की कोशिश या सीएए और एनआरसी की बात रही हो, कांग्रेस से भाजपा में आए हिमंता मुस्लिम समुदाय के खिलाफ इस तरह से आग उगलते हैं जिसका मुकाबला जन्मजात भाजपाई भी नहीं कर सकते। अभी पिछले हफ्ते की ही बात है हिमंता ने निजी स्वामित्व वाले विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेघालय (यूएसटीएम) से पढ़ाई करने वाले छात्रों को असम सरकार की नौकरियों में रोक लगाने की बात कही।एनआईआरएफ के तहत शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों में से एक है। यह संस्थान असम के एक बंगाली-मुस्लिम महबुबुल हक के स्वामित्व वाले फाउंडेशन द्वारा संचालित है, जो संस्थान के चांसलर भी हैं। हिमंता का मानना है कि इस विश्वविद्यालय परिसर के निर्माण के लिए वनों और पहाड़ियों की कटाई का ही नतीजा है कि गुवाहाटी को अचानक बाढ़ का सामना करना पड़ा। सरमा का कहना है ये सब असम के खिलाफ बाढ़ जिहाद के कारण हुआ है। सरमा ने इससे पहले बंगाली-मुस्लिम किसानों पर उर्वरक जिहाद का भी आरोप लगाया था। कहा था कि सब्जियां उगाने में उर्वरक के अनियंत्रित उपयोग के कारण लोगों में बीमारियां फैल रही हैं। उन्होंने राज्य में मुसलमानों पर भूमि जिहाद का आरोप लगाते हुए उन्हें जमीन की बिक्री पर अंकुश लगाने के फैसले की भी घोषणा की और कहा है कि सरकार लव जिहाद के लिए आजीवन कारावास की सजा वाला एक कानून लाएगी।यही सब कारण है कि असम में उनकी लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है। योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व के फायरब्रांड लीडर रहे हैं। पर मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके तेवरों में थोड़ी नरमी आ गई थी। पर पिछले कुछ महीनों से ही अचानक उन्होंने अपना पुराना चोला फिर से ओढ लिया है।वो फिर से उग्र हिंदुत्व की अपनी जानी पहचानी शैली में वापस आ गए हैं।हाल ही में बांग्लादेश स्थिति को लेकर उन्होंने जब-जब मुंह खोला , आग ही उगला है। आगरा में उन्होंने हिंदुओं से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर बंटेंगे तो कटेंगे।बांग्लादेश वाली गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए। एक रहेंगे तो नेक रहेंगे और सुरक्षित रहेंगे । इसी बंटेंगे तो कटेंगे वाले स्लोगन को जनता ने स्वीकार किया व उपचुनाव में 9 में से 7 सीट जीत कर उन्होंने अपना चमत्कार कर दिखाया । यही नहीं देखा जाय तो महाराष्ट्र में भाजपा को बंटेंगे तो कटेंगे वाले स्लोगन ने एक कर दिया व भाजपा को प्रचंड जीत मिली । योगी के कट्टर हिंदुत्व का यह रूप पिछले कुछ महीनों से ही दिखने लगा था जब उन्होंने जुलाई महीने के अंत में, राज्य सरकार ने धर्मांतरण विरोधी कानून में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया, जिससे उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम, 2021 को और अधिक सख्त बना दिया गया। यूपी विधानसभा ने 30 जुलाई को संशोधन विधेयक पारित किया, जिसमें लव जिहाद को खत्म करने के अपने इरादे को फिर से रेखांकित किया गया।कांवड़ यात्रा मार्ग पर सड़क किनारे विक्रेताओं और दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर अपना नाम लिखने के आदेश पर पूरे देश में उनके समर्थन और विरोध हुआ है।अयोध्या रेप केस में आरोपी के मुसलमान होने पर काफी हिंदू-मुसलमान यूपी में हुआ है। योगी ने इस मामले को खुद संज्ञान लेते हुए आरोपी का घर और प्रतिष्ठानों पर बुलडोजर कार्रवाई का एक्शन लिया।राजनीतिक विश्लेषक सौरभ दुबे कहते हैं कि योगी आदित्यनाथ की सफलता को देखते हुए अन्य मुख्यमंत्री जब उनकी राह के राही बनने की कोशिश कर रहे हैं तो योगी भला क्यों पीछे हटे। योगी आदित्यनाथ को भी हिंदू हृदय सम्राट की पदवी बरकरार रखनी है इसलिए उन्हें भी अपने पुराने रूप में आना ही फायदेमंद दिख रहा है।बात करें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की तो जन्माष्टमी के दिन एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि भारत में जो रहना चाहते हैं, उन्हें हिंदू , भगवान राम और कृष्ण की जय कहना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस देश के नागरिक अपने-अपने धर्मों के पालन के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन वह देशभक्त रहें। इसके साथ यह भी कह गए कि खाता कहीं और का बजाता कहीं और का यह नहीं चलेगा।हालांकि मोहन यादव ने यह भी कहा कि देश हिंदू और मुसलमानों के बीच अंतर नहीं करता है, लेकिन उसे ऐसे लोगों की जरूरत है जो ईश्वर, उसकी रचना, ब्रह्मांड को समझें। उन्होंने कहा कि रहीम और रसखान का जन्म यहीं हुआ था।बीते दिनों छतरपुर में पुलिस पर पत्थरबाजी के आरोपियों के करोड़ों के घर सरकार ने तोड़ दिए। इस घर में रखी करोड़ों की गाड़ियों को भी बुलडोज कर दिया गया। पत्थरबाजी का आरोपी चूंकि मुसलमान था इसलिए कुछ लोगों को इस कार्रवाई में धार्मिक एंगल भी दिखा। सिर्फ छतरपुर ही नहीं, इंदौर में भी एक अतिक्रमणकारी ने प्रशासन पर गोली चलवाई थी, उसकी कोठी को भी प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। इसका सीधा मतलब है कि कानून व्यवस्था को हाथ में लेने वाले लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।मोहन यादव ने ने मध्यप्रदेश के सीएम पद की शपथ लेने के साथ ही अपने इरादे जता दिए थे। उनके शुरूआती एक्शन में ही योगी की छाप दिखी थी।शपथ लेते ही उन्होंने खुले में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाना और लाउडस्पीकर पर बैन का फैसला लिया था। उसके बाद लगातार उन्होंने ऐसे फैसले लिए जो उन्हें हिंदू पोस्टर बॉय बनने की उनकी इच्छाशक्ति को दिखाता है। इतना ही नहीं मोहन यादव ने एमपी में भगवान राम और कृष्ण से जुड़े तीर्थ स्थलों की तरह विकसित करने का काम करने का बीड़ा उठाया है।उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के 7 मंदिरों को जोड़े जाने का एक्शन प्लान बनाया जा रहा है।

संघ के विचारकों और प्रमुख पदाधिकारियों की किताबें मध्य प्रदेश के कॉलेजों में पढ़ाने का भी फैसला लिया गया है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के मदरसों में गैर मुस्लिम बच्चों की धार्मिक शिक्षा देने पर रोक लगाया जा रहा है।एक और बात यह है कि भाजपा को यह बात समझ में आ गई है कि मुस्लिम समाज का उन्हें वोट बिल्कुल भी नहीं मिलने वाला है।हिंदुत्व का ध्रुवीकरण होने पर विपक्ष के सारे तीरों से निपटने की भाजपा को ताकत मिल जाएगी।

पाकुड़ की खबरें

पक्षपातपूर्ण रवेये के विरोध में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों का कलम बंद हड़ताल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़)गैर आईसीएआर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये के खिलाफ गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र महेशपुर- के डॉएक दिवसीय कलम बंद हड़ताल सह विरोध प्रदर्शन किया। वही कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार, मृदा वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार व ई. सुरेंद्र सिंह मुंडा ने बताया कि गैर आईसीएआर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये के खिलाफ नेशनल फोरम ऑफ केवीके एवं एआईसीआरपी की अपील पर सभी जिले में हड़ताल और विरोध प्रदर्शन की की जा रही है।उन्होंने बताया कि आईसीएआर के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत केवीके को केवल 9 प्रतिशत कर्मचारियों को हो सभी सुविधाएं मिल रही है। क्योंकि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके रांची के अंतर्गत आने वाले कृषि विज्ञान केंद्रो के सभी कर्मी भी किसी न् किसी रूप में मान्य सेवाओं व सुविधाओं से वंचित है। इसीलिए आज राष्ट्रव्यापी कलमबंद हड़ताल के समर्थन में कृषि विज्ञान केंद्र पाकुड़ के सभी वैज्ञानिक व कर्मियों ने भी समर्थन में उतरे है।

वाहनों से वसूले गए 2 लाख 62 हजार 152 रू जुर्माना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। बुधवार को देर रात्रि अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में पाकुड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मालपहाड़ी, हिरणपुर, महेशपुर, कोटालपोखर सड़क मार्गो की ओर परिवहन होने वाले व्यावसायिक वाहन, जो नो एन्ट्री, ओवर लोड, अतिरिक्त रूप से जोड़े गए डाला एवं एंगल आदि नियमों के उल्लंघन के आरोप मे 31 वाहनों से मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहद 2 लाख 62 बासठ हजार 152 रूपए जुर्माने के तौर पर ऑनलाइन इ-पॉस मशीन से ऑनलाइन चालान निर्गत की गई।अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी ने जिले के सभी वाहन स्वामी एवं चालकों से पुनः अपील किया गया कि जिला प्रशासन के द्वारा निर्धारित समयानुसार नो एन्ट्री, अवैध परिवहन, वाहन बॉडी अल्टरेशन ना करें। अन्यथा चक्रवृद्धि ब्याज के तौर पर अतिरिक्त दंड की राशि वसूलने के साथ आपके वाहन एवं वाहन स्वामी, चालक के ऊपर जिला प्रशासन के आदेश की अवहेलना करने को लेकर एवं अन्य विधि संगत कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

दूसरे दिन 322 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़ । 5 दिसंबर को रेल कर्मचारियों ने मतदान कि दूसरे दिन 322 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया ।पाकुड़ संख्या 28 पर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन एवं ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस के कार्यकर्ता सक्रिय रहते हुए शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने में काफी मदद की । मतगणना की तिथि 10 दिसंबर 2024 को तय की गई है । मतगणना की प्रक्रिया में चारों मंडल के मतों को मिलाकर विजेता कर्मचारी संगठन की घोषणा की जाएगी ,जिस संगठन को कुल वैध मतों का 35त्न मत प्राप्त होगा , वही संगठन रेलवे में मान्यता प्राप्त करेगी एवं वैध रूप से वही संगठन कर्मचारी कल्याण संबंधी विषयों पर पदाधिकारी से चर्चा एवं आधिकारिक बैठक कर सकेगी । मौके पर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के सहायता केंद्र पर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के गौतम यादव दयाशंकर प्रसाद , निरंजन कुमार ,अमर कुमार मल्होत्रा विक्रम भारती , कुंदन कुमार सुदर्शन यादव ,अखिलेश कुमार चौबे ,संजय कुमार ओझा ,निलेश प्रकाश , बिहारी कुमार ,गुंजन कुमार कलीम अंसारी, कुमार विकास ,रामकुमार यादव संदीप दत्ता , बॉबी शेख सुधीर कुमार आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरुद्ध निकली जानाक्रोश रैली

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। बांग्लादेश और पाकिस्तान में हो रहे हिंदुओं पर महाअत्याचार को लेकर गुरुवार को सर्व सनातन समाज के बैनर तले शहर के रेलवे मैदान से हिंदू संगठनों द्वारा विशाल जनाक्रोश रैली निकाली गई जो रेलवे मैदान से निकलकर गांधी चौक, हिरण चौक, अंबेडकर चौक, बिरसा चौक, इंदिरा चौक ,रविंद्र चौक होते हुए सिद्धू कान्हू पार्क के समीप वीआईपी रोड पहुंचकर सभा में प्रणीत हो गई। इस रैली में बड़ी संख्या में माताओं एवं बहनों ने भी भाग लिया। जनसभा में मुख्य रूप से मौजूद इस्कॉन मंदिर के राधेदामोदर दास जी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति बद से बदतर है। वहां हमें बचाने वाला कोई नहीं है। जब शेख हसीना प्रधानमंत्री हुआ करती थी तब कुछ हद तक स्थिति ठीक थी। किंतु अब वहां के हालात बिल्कुल बदल गए हैं । आप वहां हरि नाम कीर्तन नहीं

कर सकते हैं। अगर आप साधु वेश में चलते हैं तो तुरंत आपके साथ मारपीट प्रारंभ हो जाएगा। आपकी जान चली जाएगी। संत राधा दामोदर दास जी ने कहा कि मैं विश्व के लगभग 25 देशों में जाता आता हूं और सनातन धर्म का आवाज बुलंद करता हूं। उन्होंने कहा कि आप दुबई चले जाइए आपको कोई खतरा नहीं है। आप अपना पूजा पाठ कीजिए कीर्तन कीजिए कहीं रोक-टोक नहीं है। किंतु बांग्लादेश और पाकिस्तान में इसकी आजादी नहीं है। उन्होंने कहा जब हम बांग्लादेश जाते हैं तो फुल पैंट और शर्ट पहन लेते हैं। किंतु अब उसमें भी आफत है। हमारी मां बहने वहां सुरक्षित नहीं है। मंदिरों को तोड़ा जा रहा है, हिंदू देवी देवताओं को नुकसान पहुंचाया जा रहा । हिंदुओं के घर में घुसकर मारा पीटा जा रहा है। उनके घरों को आग के हवाले किया जा रहा है। दुकानों और किसानों को लूटा जा रहा है। बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के कत्लेआम ,तोड़फोड़ पर चिंता जाहिर करते हुए इस्कॉन के सन्यासी चिन्मयकृष्ण दास की गिरफ्तारी पर रोष जाहिर किया। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में खुलकर हस्तक्षेप करने की अनुरोध किया है। बांग्लादेश में हो रहे हिंदू पर अत्याचार के विरुद्ध पूरे विश्व में इसका विरोध हो रहा है।वहीं जनसभा के बाद एक प्रतिनिधि मंडल ने समाहरणालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा। मौके पर इस्कॉन मंदिर के राधा दामोदर दास जी महाराज सत्यवान गुरदास जी प्रमोद बाबा हरि नारायण यादव संजीव कुमार झा देवकांत जी कृष्ण कुमार भगत जी मृत्युंजय घोष, हिसाबी राय रामचंद्र जी अन्य सन्यासी संत आदि उपस्थित थे।

विधायक ने लिट्टीपाड़ा प्रखंड के पदाधिकारी व कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)नव निर्वाचित विधायक हेमलाल मुर्मू गुरुवार को प्रखंड के सभागार में सभी विभागों के कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक कर प्रखंड में संचालित विकास कार्यो का समीक्षा किया।उन्होंने सर्वप्रथम स्वास्थ विभाग के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश बेसरा से प्रखंड के स्वास्थ सुविधा का जानकारी लिया।उन्होने डॉ से प्रखंड में एचएससी , पीएचसी की भवन की स्थिति चिकित्सको की संख्या व एएनएम की संख्या की जानकारी लिया ।जिसमे चिकित्सक ने बताया कि लिट्टीपाड़ा में सीएचसी में नौ चिकित्सक में सिर्फ एक चिकित्सक पदस्थापित है।एक प्रतिनियुक्त एवं आयुष के चिकित्सक कार्य संभाल रहे है। वही विधायक ने प्रखण्ड क्षेत्र के सीमावर्ती इलाका व गोड्डा के सीमावर्ती क्षेत्र जोरडीहा पंचायत क्षेत्र में फैल रहे मलेरिया रोग की रोकथाक को लेकर त्वरित पहल कर प्रत्येक गांव में डीडीटी का छिड़काव, मच्छरदानी का वितरण व गांव गांव में स्वास्थ केम्प लगाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सोनाधनी, कुंजबोना, करमाटांड़ व जोरडीहा सहित प्रखंड के सभी गांव में डीडीटी का छिड़काव एवं ग्रामीणों के बीच मच्छरदानी वितरण करने का निर्देश दिया। विधायक ने सूदूरवर्ती गांव से मरीजो को लाने के लिए

विधायक निधि से एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की बात कही। इसको लेकर बीडीओ संजय कुमार को एम्बुलेंस की रख रखाव को लेकर

आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता रवि शंकर से प्रखंड में 217 करोड़ की लागत से चल रहे ग्रामीण जलापूर्ति योजना एवं प्रखंड में चापाकलों की स्थिति के बारे में जानकारी लिया। जिसमे संतोषजनक जवाब नही देने को लेकर विधायक ने कड़ी फटकार लगाते हुए खराब चापाकलों की मरम्मती करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा लिट्टीपाड़ा प्रखंड में आधी से ज्यादा आवादी पहाड़ो में रहते है। पहाड़ो में रहने वाले ग्रामीणों को 12 महीनों पेयजल की समस्या से जूझना पड़ता है।लिट्टीपाड़ा में ग्रामीण जलापूर्ति योजना पूरी तरह फ्लॉप हो चुका है। उन्होंने अन्य विकल्प के माध्यम से ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर निर्देश दिया।साथ ही विधायक ने प्रखण्ड आपूर्ति व्यवस्था पर एमओ लिसु टुडू व एजीएम कुंदन कुमार को अनाज वितरण में कोई लापरवाही नही बरतने का आदेश दिया। विधायक ने बीडीओ शक्त निर्देश देते हुए कहा सरकार का सबसे अहम योजना व मुख्यमंत्री का लाइफ लाइन मय्या योजना में कोई कोताही नही बरते। जितना भी आवेदन क्षेत्र की महिलाओं व माताओ-बहनो का आ रहा है। उसका जांच कर अग्रतर करवाई करे। ताकि सरकार की बदनामी न हो। ततपश्चात विधायक ने बारी बारी से प्रखण्ड क्षेत्र में संचालित सभी योजनाओं का समीक्षा कर सम्बन्धित से पदाधिकारियो से कहा आज पहली बैठक है अगली बैठक में पूरी तैयारी के साथ बैठक में आये अन्यथा मैं दूसरे स्वरूप में मिलूंगा। बैठक में जिला सचिव सुलेमान बास्की, उपाध्यक्ष समद अली, संगठन सचिव अजीजुल इस्लाम , रंजन साहा समेत दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पुलिस ने लकड़ी लदा ट्रैक्टर किया जब्त

महेशपुर (पाकुड़) थाना क्षेत्र के दमदमा के रास्ते महेशपुर पुलिस ने चिरान लकड़ी लदा एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है ।मिली जानकारी के अनुसार पुलिस पेट्रोलिंग में थे इसी दौरान दमदमा के रास्ते पर एक ट्रैक्टर चिरान लकड़ी लोड कर आ रहा था पुलिस की नजर उक्त ट्रैक्टर पर पड़ी तो वाहन को रोका गया और फिर चालक से पूछताछ करने पर सन्तोषजनक जबाब नही और न ही लकड़ी से सम्बंधित कागजात दिखा पाया । पुलिस द्वारा लकड़ी लदा वाहन को जब्त करते हुए वन विभाग को सूचित कर विभाग को सौप दिया ।फिलहाल उक्त ट्रेक्टर वन विभाग कार्यालय महेशपुर में रखा गया है ।

विधायक हेमलाल मुर्मू ने शहीदों की प्रतिमाओं पर किया मालार्पण

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू का झामुमो के कार्यकर्ताओं ने सिमलोंग सीमा व धरमपुर चोक पर जोरदार स्वागत किया।विधायक ने धरमपुर मोड़ स्थित सिधो कान्हू के प्रतिमा पर मालार्पण कर नमन किया। वही लिट्टीपाड़ा चोक स्थित तिलकामांझी व प्रखण्ड परिसर में स्थित संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में मालार्पण कर नमन किया।इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता गर्म जोसी से सीमावर्ती क्षेत्र सिमलोंग में स्वागत किया। मौके पर जिला सचिव सुलेमान बास्की, प्रसाद हांसदा, रामका बेसरा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इंसानियत फाउंडेशन के दो सदस्यों ने जरूरतमंदो क़ो किया रक्तदान

पाकुड़ ।सोनाजोरी सदर अस्पताल मे इलाजरत अंजना के 55 वर्षीय बुजुर्ग महिला का ऑपरेशन होना है,पारुल बीबी क़ो ए नेगेटिव ब्लड , 24 वर्षीय रोहिमा खातून जो गर्भवती पीड़ित है उन्हें ए बी पॉजिटिव कमी के कारण इलाज नहीं पा रहा था काफ़ी दिक्कत हो रही थीं डॉक्टर ने रक्त चढ़ाने क़ो कहा मरीजों के परिजनों ने रक्तदाता खोजने का प्रयास किया लेकिन विफल रहा ।इंसानियत फाउंडेशन के सकीर्य सदस्य मुजहारुल शेख ईशाकपुर से और समूह के उप अध्यक्ष सनाउल आंसरी ए नेगेटिव 5 वीं बार रक्तदान रक्त अधिकोष जाकर रक्तदान किया ।परिजनों ने इंसानियत फाउंडेशन का शुक्रिया अदा किया रक्तदाताओ ने कहा कि बहुत अच्छा लगता है ज़ब किसी जरूरतमंदो क़ो अपना खून देकर मदद क़र पाते है । आगे भी जरूरतमंदो के साथ हमेशा खड़ा रहेंगे,मौक़े पर सचिव बानिज शेख,मानारुल शेख, नबाब शेख, सलीम शेख एक्टिव सदस्य राफेज शेख, आफताब आलम, अलाउद्दीन शेख कर्मचारी नवीन कुमार और पियूष दास मौजूद रहे ।

देवघर : 06 साइबर अपराधी गिरफ्तार

08 मोबाइल,08 सीम कार्ड 01 ई सिम कार्ड जब्त, प्रतिबिंब पोर्टल के रजिस्टर्ड 09 मोबाइल नंबर जप्त

संवाददाता

देवघर । देवघर साईबर पुलिस ने एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग के निर्देश पर नगर थाना अंतर्गत बमबम बाबा कॉलोनी मोड़ स्थित नरेश रजवाडे के मकान में तथा जसीडीह थाना अंतर्गत कोठिया-दर्दमारा मुख्य मार्ग के समीप बगीचे में स्थित तालाब के पास छापामारी कर 06 साईबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से 08 मोबाइल,08 सीम कार्ड,एक ई सिम कार्ड जब्त किया है।गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के नवादा जिले के वारसलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम-मसनखामा के पंकज

कुमार उम्र करीब 20वर्ष, पिता राजो यादव,दूसरा आरोपी देवघर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदाजोरी के सुधांशु कुमार, 25 वर्ष पिता निरंजन शर्मा,तीसरा आरोपी बिहार के नालंदा जिला के मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत छातो गांव के राघव कुमार उर्फ रोहित,20 वर्ष,पिता रंजीत सिंह,अविनाश कुमार उर्फ मोलन,27 वर्ष,पिता स्व0 संजय सिंह,जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघमारा गांव के जीतेन्द्र कुमार दास, 28 वर्ष, पिता-मुसो दास,रिखिया थाना क्षेत्र अंतर्गत खिजुरिया गांव के राजकुमार 27 वर्ष, पिता योगेन्द्र दास को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी में राजकुमार पर देवघर साईबर थाना कांड सं0-31/2022 सहित आई0टी0 एक्ट में आरोपत्रित है। गिरफ्तार आरोपी के पास से प्रतिबिंब पोर्टल के रजिस्टर्ड 09 मोबाइल नंबरों को जप्त किया गया है।

गिरफ्तार किये गये साइबर ठगों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि जसीडीह थाना अंतर्गत कोठिया दुम्मा मार्ग के पश्चिम तरफ जंगल झाड़ी में फर्जी एयरटेल पेमेंट बैंक पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को झांसे में लेकर एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से एयरटेल पेमेंट बैंक कार्ड बंद कर उपभोक्ताओं को झांसा देकर तथा आम सहायता के रूप में कार्ड को पुनः चालू कराने के नाम पर झांसा देकर ठगी करते थे,साथ ही गूगल पर अपने फर्जी मोबाईल नम्बर हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे अपलोड कर आमलोगों की समस्या के अनुसार उन्हे झांसे में लेकर ऑनलाइन ठगी करना। फर्जी फोन पे पेटीएम कस्टमर केयर पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को कैश बैक का झांसा देकर फोन पे गिफ्ट कार्ड क्रिएट करवाकर उसे रिडीम कर ठगी करना। फर्जी मोबाइल नम्बर से फर्जी बैंक पदाधिकारी बनकर आम लोगों को एटीएम बंद होने एवं उसे चालू कराने के लिए सीरीज कॉल करना। उसके बाद कस्टमर को झांसे में लेकर ओटीपी प्राप्त कर ठगी करना। फर्जी क्रेडिट कार्ड पदाधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड केवाईसी अपडेट के नाम पर उपभोक्ताओं को झांसा देकर ठगी करते थे।

हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, निकली कलश यात्रा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। नगर निगम के वार्ड नंबर 36 के कुंडा मोड के समीप हथगढ़ फील्ड के नजदीक नवनिर्मित संकट मोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आयोजित भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में भक्तिभाव से माथे पर कलश लेकर क्षेत्र की सैकड़ों माताएं व बहनों साथ में नौजवान भक्तजन ध्वज पताका, ढोल, मृदंग, नगाड़ा धरे जय श्री राम, जय जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। जयकारे की गुंज से माहौल भक्तिमय हो गया। मुख्य कलश लिए मुख्य यजमान के रूप में संजीत सिंह एवं उनकी अर्धांगिनी नेहा देवी कलश यात्रा में आगे आगे चल रहे थे। कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों माताओं बहनों द्वारा संपूर्ण विधि-विधान के साथ स्थानीय नौलखा तालाब घाट पहुंची। जहां पंडित पंडित राघवेंद्र शास्त्री ने विधिपूर्वक कलश में जल भरवाया. इसके बाद देवघर पब्लिक स्कूल,कुंडा मोड होते हुए हथगढ़ फील्ड हनुमान मंदिर कलश यात्रा पहुंची। आयोजन कमेटी के प्रमुख एवं साथ में कमेटी के दर्जनों सदस्य गण विधि व्यवस्था का संधारण में लगे थे। मालूम हो कि एक वृद्ध रमाशंकर सिंह ने अपनी पत्नी स्वर्गीय रामरती देवी की याद में हनुमान मंदिर का निर्माण कराया है।

मौके पर मुख्य रूप से अजय सिंह,शेखर सुमन, सूरज कुमार,सोनू कुमार,महेश सिंह,शंकर सिंह,सरोज चौधरी,सरोज सिंह,आरती देवी,क्रांति देवी, नेहा सिंह,स्वाति सिंह,अंजन सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, भंडारकोला के बच्चों को ले जाया गया शैक्षणिक परिभ्रमण पर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । किताबी ज्ञान के साथ-साथ बच्चों को प्रायोगिक ज्ञान उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला के कक्षा एलकेजी और यूकेजी के बच्चों को शैक्षणिक परिभ्रमण पर सत्संग स्थित अटल स्मृति पार्क ले जाया गया । इस प्रकार के परिभ्रमण का उद्देश्य बच्चों के अंदर बौद्धिक, शारीरिक और मानसिक क्षमता का विकास करना है। वहाँ उनके लिए शिक्षाप्रद खेलों का आयोजन किया गया जैसे अक्षर पहचान, बिल्डिंग ब्लॉक्स, बॉल इन द कप, पज़्ज़ल ,फाइंड माय पार्टनर, ओड वन आउट, हेड शोल्डर नी गेम सिमोन सेस और फ्रिजबी। बच्चों ने खेल-खेल में ज्ञान की बातों को सीखा।उनके साथ शिक्षिका संगीता कुमारी, नूतन कुमारी, नेहा कुमारी नारायणी पांडे, प्रिया कुमारी केसरी और निधि गई थीं। इससे बच्चों को शिक्षकों के साथ मजबूत संबंध बनाने का भी मौका मिला ।

कांग्रेस ने जाति,धर्म एवं क्षेत्र का ख्याल रखते हुए मंत्रियों का चयन किया है : प्रो उदय प्रकाश

देवघर। झारखंड में नई सरकार की मंत्रिमंडल का पूर्ण विस्तार कर लिया गया। राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कर सभी मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार गठन के पहले मंत्रिमंडल विस्तार पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने देवघर जिला कांग्रेस की ओर से तथा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय ने मुख्यमंत्री समेत तमाम सभी मंत्रियों को मंत्री बनाए जाने पर शुभकामनाऐं एवं बधाई दी। शपथ ग्रहण के पश्चात मंत्री का पदभार संभाल कर मंत्रिमंडल में शामिल गठबंधन के सभी घटक दलों झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय जनता दल के मंत्रियों के साथ कांग्रेस कोटा के मंत्री राधा कृष्ण किशोर,डॉ इरफान अंसारी,दीपिका सिंह पांडेय तथा शिल्पा नेहा तिर्की को मंत्रिमंडल में स्थान देने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का आभार व्यक्त किया।

कैंसर और हार्ट डिजीज पर जागरूकता कार्यक्रम

मधुपुर संताल एक्सप्रेस । शहर के पथरचपटी मोहल्ले में स्थित सीएमएस सीडी ट्रेनिंग सेंटर में डेसन हॉस्पिटल, कोलकाता के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा एक दिवसीय सीएमई कार्यक्रम आयोजित किया गया! इस कार्यशाला में ट्रेनिंग सेंटर के छात्रों और स्थानीय चिकित्सकों को कैंसर और हार्ट जैसी गंभीर बीमारियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। डेसन हॉस्पिटल के मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. देबज्योति माजी ने बताया, आज के दौर में कैंसर जैसी बीमारी तेजी से बढ़ रही है। इसे रोकने और समय पर इलाज करवाने के लिए जागरूकता बेहद जरूरी है. सीएमएस सीडी ट्रेनिंग सेंटर के ट्रेनर डॉ. नासिर हुसैन ने कहा, हमारे ट्रेनिंग सेंटर में पिछले कई वर्षों से इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि प्रशिक्षु ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर इलाज कर सकें। कार्यक्रम में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सप्तरिशी भट्टाचार्य, डॉ. महबूब, बंगाल नर्सिंग होम के डायरेक्टर महफूज आलम, डॉ. सूत्रीष्णा दास, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव मुकेश कुमार मंडल, अजमुल अंसारी, नजीर अंसारी समेत कई प्रशिक्षु और चिकित्सक उपस्थित थे।

पांच जनवरी को होगा बाबा गरीब नाथ व मां अन्नपूर्णा की वार्षिक पूजन समारोह

देवघर संताल एक्सप्रेस । केसरवानी गरीब नाथ सेवा समिति,केसरवानी आश्रम की सभागार में अनूप केसरी की अध्यक्षता में समिति के समस्त पदाधिकारी के साथ बैठक की गई बैठक में बाबा गरीब नाथ एवं मां अन्नपूर्णा की वार्षिक पूजन एवं

समारोह करने के लिए 05/01/2025 दिन रविवार को सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया साथ ही प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। इस बैठक में निम्नलिखित लोग उपस्थित हुए गौरी शंकर केसरी (उपाध्यक्ष) राजेश केसरी (कोषाध्यक्ष) दयाशंकर केसरी रमाशंकर केसरी अनिल केसरी राजेश केसरी प्रकाश केसरी रंजय केसरी राजकुमार केसरी बजरंगी।

तम्बाकू मुक्त युवा अभियान चलाया

देवघर संताल एक्सप्रेस । राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत गुरुवार को उत्क्रमित +2 विद्यालय,झालर,मोहनपुर,देवघर में तंबाकू निषेद पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस खतरनाक आदत से दूर रखना है। इस कार्यक्रम में बच्चो को तम्बाकू से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर, अस्थमा, लकवा, श्वास संबंधित बीमारी के बारे में चर्चा की गयी, तथा इससे होने वाले आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभाव के बारे मे भी बतलाया गया । विद्यालयों के अंदर और बाहर दोनों स्थानों पर साकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए का प्रयास किया गया साथ ही साथ कोटपा 2003 अधिनियम से संबंधित प्रावधनों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, कार्यालय,जिला गव्य विकास पदाधिकारी, दुमका

दुग्ध उत्पादकों / पशुपालकों के लिए आवश्यक आम सूचना

दुमका जिला के इच्छुक व्यक्तिगत लघु उधमि/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/प्रगतिशील पशुपालाको के वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2025–26 की अवधि में अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी अनुदान–सह–बैंक ऋण/लाभुक अंशदान (सामान्य जाति के लिए 25% अनुदान तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए 33.33% अनुदान) पर दुधारु मवेशी वित्त पोषण की दो चरणों में कार्यान्वित किए जाने वाली कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना के लिए आवेदन पत्र प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों तक आमंत्रित किए जाते है। जिले में झारखण्ड मिल्क फेडरेशन के कार्यक्षेत्र में चिन्हित दुग्ध पथों के इर्द–गिर्द इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाएगा।

आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, दुमका से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकता है। पूर्ण रुप से भरे हुए फोटोयुक्त आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक खाता एवं भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र संलग्न करना अनविार्य होगा।
आवेदन पत्र पर ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधि की अनुशंसा अनिवार्य होगी।
विभिन्न योजनाओं की विवरणी निम्नवत है:–

क्र0	योजना का नाम	परियोजना लागत	अनुदान प्रतिशत	बैंक ऋण	लाभुक की अहरतायें
1	50 गायों/भैंसों की कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना	रु0– 39,76,250.00	25%-सामान्य जाति 33.33% अनुसचित जाति एवं जनजाति	75%-सामान्य जाति 66.67%-अनुसचित जाति एवं जनजाति	इच्छुक व्यक्गित लघु उधमि/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/प्रगतिशील पशुपालक

नोटः– विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, दुमका में स्वंय आकर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
दुमका

PR 341235 Animal Husbandry(24-25).D

कार्यालय, नगर परिषद, दुमका
e-mail – dumka.nagar.parshad@gmail.com

।। आम सूचना ।।

एतद् द्वारा दुमका नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत सभी आम दुकानदारों व अस्थाई फुटकर विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि :–

1. शहर में जहाँ तहाँ फल, सब्जी, गुमटी, ठेले, खोमचे आदि की दुकान न लगायें। आप निर्धारित स्थल पर ही अपना दुकान लगायें।
2. आम दुकानदार अपना दुकान का सामान वगैरह अपने निर्धारित स्थल तक ही लगायें। सार्वजनिक सड़क व नाले का अतिक्रमण न करें।
3. प्रतिबन्धित प्लास्टिक व उनसे बनी सामग्री का उपयोग न करें। इसके लिए आप जुट, कपड़े, दोने व कागज आदि का प्रयोग करें।
4. दुपहिया, चारपहिया वाहन जहाँ तहाँ सड़क पर पार्क नहीं करें। इससे यातायात व्यवस्था बाधित होती है व आमजनों को परेशानी होती है। अतः आप नगर परिषद पार्किंग या निर्धारित स्थल पर ही गाडी पार्क करें।
5. भवन निर्माण व अपशिष्ट सामग्री यथा ईंट, बालू, छर्री आदि सड़क पर न रखें।
6. अपने दुकान संस्थान का दैनिक कचरा जहाँ–तहाँ न फेंके। इसके लिए आप सभी कूड़ेदान का प्रयोग करें व शहर को स्वच्छ बनाये रखने में नगर परिषद, दुमका का सहयोग करें।

आप सभी दुकानदार, व्यापारियों, फुटकर विक्रेताओं से आग्रह है कि उक्त नियमों का समुचित अनुपालन करना सुनिश्चित करें और अपना–अपना अवैध अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा अवैध अतिक्रमण सामग्री जब्त करते हुए जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा एवं झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासक,
नगर परिषद, दुमका

PR 341296 (District)24-25*D

कार्यालय–जिला सहकारिता पदाधिकारी, देवघर।

अत्यावश्यक सूचना

देवघर जिलान्तर्गत सभी पैक्सों के अध्यक्ष/सहायक प्रबंधक को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.12.2024 से जिले में पैक्सों के माध्यम से धान अधिप्राप्ति का कार्य किया जाना है। अतः वैसे सभी पैक्स जो धान अधिप्राप्ति का कार्य करना चाहते हो आप दिनांक 10.12.2024 तक अपना आवेदन कार्याकारणी प्रस्ताव की छायाप्रति अद्यतन अंकेक्षण प्रतिवेदन की छायाप्रति संलग्न कर जिला सहकारिता पदाधिकारी कार्यालय में जमा करें।

जिला सहकारिता पदाधिकारी
देवघर।

PR 341292 (Deoghar) 24-25 (D)

हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय
कार्यालय, सहायक उद्योग निदेशक(रेशम), संथाल परगना, दुमका

नीलामी सूचना–01/2024–25

वित्तीय वर्ष–2024–25 का संथाल पर गना प्रक्षेत्र के विभिन्न अग्रपरियोजना केन्द्रों के द्वारा प्रथम बीजागर किया गया है, जिसका कोकून (Emerged and Unemerged cocoon) का नीलामी अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में निदेशालय के निदेशनुसार किया जाना है। उक्त के निमित्त इच्छुकईकाई/प्रतिष्ठान से दिनांक–12.12.2024 के अपराह्न 5.00 बजे तक निम्नांकित नियम एवं शर्तों के अधीनसीलबंद कोटेशन आमंत्रित कियाजाता है। स–समय प्राप्त को टेशन को दिनांक–13.12.2024 को अपराह्न 12.30 बजे सहायक उद्योगनिदेशक (रेशम), संथाल पर गना, दुमका की अध्यक्षता में नीलामी हेतु गठित समिति के समक्ष अग्रपरियोजना केन्द्र गोडडा के कार्यालय कक्ष में खोला जायेगा। कोटेशनजमा करने से संबंधित नियम एवं शर्ते, संबंधित अग्रपरियोजना केन्द्रों की सूची एवं केन्द्रवार कोकून की कुल संख्या परिशिष्ट–ख अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

सहायक उद्योग निदेशक (रेशम)
संथाल परगना, दुमका

PR 341304 Industries(24-25)#D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
जिला गव्य विकास कार्यालय, दुमका

राज्य के निबंधित दुधारू मवेशी विक्रेताओं हेतु
–आम सूचना–

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के अधीन गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा राज्य के सभी क्रियाशील निबंधित दुधारू पशु विक्रेताओं विशेशकर संथाल परगना प्रमण्डल के सभी क्रियाशील निबंधित दुधारू पशु विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.12.2024 से अगले आदेश तक जिला गव्य विकास कार्यालय,दुमका केम्पस, (श्रीअमड़ा) में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों को दुधारू मवेशी (गाय/भैंस), विभागीय मापदण्ड के अनुरूप क्रय हेतु दुधारू पशु मेला का आयोजन किया जा रहा है।
अतः सभी निबंधित क्रियाशील दुधारू पशु विक्रेता से अनुरोध है कि दिनांक 07.12.2024 से आयोजित दुधारू पशु मेला में बिक्री हेतु अधिक से अधिक दुधारू मवेशी (गाय/भैंस) लाना सुनिश्चित किया जाए।

(आर. एन. सारस्वत)
जिला गव्य विकास पदाधिकारी, दुमका

PR.NO.341237 Animal Husbandry(24-25):D

कार्यालय, नगर परिषद, दुमका
e-mail – dumka.nagar.parshad@gmail.com

।। आम सूचना ।।

सरकार के सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार की अधिसूचना ज्ञापांक–1477 दिनांक–17.04.2013 के द्वारा शहरी क्षेत्रान्तर्गत "धर्मशाला, विवाह भवन/बैंक्वेट हॉल/लॉज/हॉस्टल निर्माण और अनुज्ञप्ति नियमावली – 2013" अधिसूचित है।

उक्त के आलोक में भवन मालिको/संस्था/गैर–सरकारी संस्थानों को अनुज्ञप्ति एवं नवीकरण का वार्शिक शुल्क निम्न दर से देय होगा:–

क्र0	भवन का प्रकार	निर्मित क्षेत्र (Build up Area)	अनुज्ञप्ति का न्यूनतम वार्षिक शुल्क (रूपये में)
01	धर्मशाला	5000 वर्गफीट तक 5000 वर्गफीट से अधिक	800/– 1000/–
02	विवाह भवन, बैंक्वेट हॉल	5000 वर्गफीट तक 5000 वर्गफीट से अधिक	7500/– 10000/–
03	लॉज	01 से 10 बेड तक 11 से 20 बेड तक 21 से 50 बेड तक 50 बेड से अधिक	800/– 1200/– 1500/– 2000/–
04	हॉस्टल	01 से 10 बेड तक 11 से 20 बेड तक 21 से 50 बेड तक 50 बेड से अधिक	600/– 800/– 1000/– 1500/–

नोट– उपरोक्त दर अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए भी वार्शिक रूप से देय होगा। निर्धारित प्रपत्र www.dumka.nic.in **अथवा www.udhd.jharkhand.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।**

महत्वपूर्ण अनुदेश :–

1. वैसे धर्मशाला, विवाह भवन/बैंक्वेट हॉल/लॉज एवं हॉस्टल जिनका निर्माण अनुमति प्राप्त कर किया गया हो अथवा इस नियमावली के प्रभावी होने के पूर्व से निर्मित हो, के उपयोग के पूर्व नगर परिशद, दुमका से एक वर्श के लिए अनुज्ञप्ति (Licence) निर्गत किया जाएगा।
2. अनुज्ञप्ति की अवधि समाप्त होने के एक माह पूर्व अनुज्ञप्ति नवीकरण हेतु आवेदन समर्पित करना होगा अन्यथा निम्न दण्ड शुल्क अधिरोपित किया जायेगा:–
   (क) एक माह विलम्ब होने पर – दण्ड शुल्क रू0 500/–(पाँच सौ रूपये) मात्र होगा।
   (ख) प्रत्येक तीन माह के विलम्ब पर – दण्ड शुल्क रू0 2000/–(दो हजार रूपये) मात्र होगा।
3. जिस भवन में धर्मशाला, विवाह भवन/बैंक्वेट हॉल, लॉज एवं हॉस्टल चलाया जा रहा है, उस भाग के लिए होल्डिंग टैक्स आदि का निर्धारण झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 में विहित प्रावधानों के अनुसार व्यवसायिक भवन के अनुरूप ही किया जाएगा।
4. वैसे सभी होटल, जहाँ धार्मिक एवं सामाजिक रीति – रिवाजों के अनुसार शादी एवं अन्य समारोहों के लिए विवाह भवन (Marriage Hall) /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall) की सुविधा उपलब्ध है, को भी भवन/ बैंक्वेट हॉल के लिए अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अनिवार्य है।
5. राज्य सरकार या भारत सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय/महाविद्यालय/यूनिवर्सिटी के द्वारा चलाये जा रहे हॉस्टलो से रू0 750/–(सात सौ पचास रूपये) मात्र निबंधन शुल्क के रूप में लिया जायेगा।
6. शहरी क्षेत्र अन्तर्गत निर्मित धर्मशाला, विवाह भवन/बैंक्वेट हॉल, लॉज एवं हॉस्टल की अनुज्ञप्ति के लिए निर्धारित प्रपत्र 'च' में आवेदन समर्पित करना अनिवार्य होगा।
7. अनुज्ञप्ति अवधि समाप्त होने के एक वर्श तक अनुज्ञप्ति का नवीकरण नहीं कराये जाने पर अनुज्ञप्ति स्वतः समाप्त समझी जायगी।
8. प्रतिष्ठान/ परिसर हेतु पार्किंग की व्यवस्था स्वयं अथवा किराये पर करनी होगी अन्यथा झारखंड नगरपालिका अधिनियम – 2011 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् कार्रवाई की जायगी।
9. ऐसे सभी धर्मशाला, विवाह भवन/बैंक्वेट हॉल/लॉज/हॉस्टल आदि 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर अनुज्ञप्ति प्राप्त करना सुनिश्चित करें अन्यथा नगर परिशद, दुमका के द्वारा परिसर को अनाधिकृत घोशित करते हुए संचालन को पूर्णतः बन्द करने की कार्रवाई की जायेगी।
10. इस संबंध में भविष्य में नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गये नियम/विनियम एवं दिये गये निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
11. इस संबंध में पूर्व से निर्गत आदेश इस हद् तक संशोधित समझा जाय।

प्रशासक,
नगर परिषद, दुमका।

PR.NO.341291 District(24-25):D

कार्यालय, नगर परिषद, दुमका।
e-mail – dumka.nagar.parshad@gmail.com

।। आम सूचना ।।

एतद् द्वारा नगर परिषद, दुमका क्षेत्रान्तर्गत सभी व्यवसायियों एवं होटल, अस्पताल, मॉल एवं अन्य प्रतिष्ठान के संचालकों को सूचित किया जाता है कि अपने प्रतिष्ठान/ परिसर के समीप लगने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था स्वयं अथवा किराये पर कर लें, अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत् यथोचित कार्रवाई की जायगी।

प्रशासक,
नगर परिषद, दुमका।

PR 341294 (District) 24-25 (D)

कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, दुमका
संयुक्त कृषि भवन खूँटाबाँध, दुमका-814101
(Email ID- daodumka69@gmail.com)

शुद्धि पत्र

दुमका जिला में एग्री क्लीनिक की स्थापना एवं संचालन के लिए प्रकाशित EOI नोटिस PR 341161 (Agriculture) 24-25 (D) की कंडिका संख्या 07, 08 एवं 09 को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है। EOI की शेष कंडिका यथावत रहेंगी।

कंडिका संख्या	कार्य का नाम	पूर्व में प्रकाशित तिथि	संशोधित तिथि
07	Document Download Period	07-12-2024 to 22-12-2024 (up to 10:00 AM)	07-12-2024 to 23-12-2024 (up to 11:00 AM)
08	Submission Period of Hard Copy of EOI BID Document at District Agriculture Office, Joint Agriculture Building, Khunta Bandh Dumka, Pin Code- 814101	07-12-2024 to 22-12-2024 (up to 11:00 AM)	07-12-2024 to 23-12-2024 (up to 11:00 AM)
09	Bid Opening Date	22-12-2024 (03:00 PM)	23-12-2024 (03:00 PM)

ह/0
जिला कृषि पदाधिकारी, दुमका

PR 341234 Agriculture (24-25)_D

कार्यालय : जिला कृषि पदाधिकारी, साहेबगंज
संयुक्त जिला कृषि भवन, (कृषि फार्म परिसर) साहेबगंज–816109

आवश्यक सूचना
प्रेस विज्ञप्ति

साहेबगंज जिला के कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मूल्य रूपये में (MRP) निम्न प्रकार है

Sl. No.	Company Name	Urea	DAP	MOP	SSP	Complex			
		Ind./Imp.	Ind./Imp.			20:20:0:13	12:32:16	16:16:16	14:28:00
1	IFFCO	266.50	1350.00	-	-	1200.00	-	-	-
2	NFL	266.50	-	-	-	-	-	-	-
3	YARA	266.50	-	-	-	-	-	-	-
4	KFL/KRIBHCO	266.50	-	-	-	-	-	-	-
5	INDORAMA	266.50	1350.00	-	645.00	1470.00	-	-	1550.00
6	IPL	266.50	1350.00	1700.00	-	1250.00	-	1250.00	-
7	MATIX	266.50	-	-	-	-	-	-	-
8	HURL	266.50	-	-	-	-	-	-	-
9	PPL	-	1350.00	-	-	1250.00	-	-	-
10	SAI	-	-	-	575.00	-	-	-	-

नोटः–1. यूरिया प्रति बोरी 45 KG Packet Size की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 KG Packet Size की होती है।
2. कृषकों को सलाह दी जाती है कि उर्वरक क्रय हेतु अपना आधार कार्ड लेकर ही उर्वरक विक्रेता के पास जायें एवं POS मशीन के माध्यम से ही उर्वरकों का क्रय करें। साथ ही उर्वरक क्रय के समय दूकानदार से क्रय किये गये मात्रा/राशि आदि संबंधी रसीद अवश्य प्राप्त करेंगे।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिला के जिला कृषि कार्यालय तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय, दुमका में उसकी शिकायत की जा सकती है।
4. अनुज्ञप्तिधारी/दूकानदार/विक्रेता को भी शख्त निदेश दिया जाता है कि उर्वरक की बिक्री सरकार के द्वारा निर्धारित दर पर ही करेंगे एवं क्रय करने वाले को मात्रा/राशि आदि संबंधी रसीद अवश्य उपलब्ध करायेंगे।
5. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है या अमानक/नकली उर्वरकों का व्यवसाय किया जाता है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता के विरूद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की सुसंगत धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
साहेबगंज

PR 341233 (Agriculture)24-25*D

दीपिका व संजय के मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

गोड्डा ।संताल एक्सप्रेस। हेमंत कैबिनेट में गोड्डा जिला के दो विधानसभा क्षेत्र गोड्डा एवं महागामा के विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने को लेकर महागठबंधन कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। इसी क्रम में गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव एवं महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह के मंत्री पद के शपथ लेने के बाद ही जिला मुख्यालय कारगिल चौक एवं महागामा के बसवा चौक पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। जिला मुख्यालय के कारगिल चौक पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश यादव के नेतृत्व में जश्न मनाया गया। जहां कार्यकर्ताओं ने जमकर अबीर गुलाल खेले, वही जमकर आतिशबाजी की। मौके पर जिला अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि यह जिला के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जहां दो-दो विधानसभा के मंत्री राज्य के सरकार में शामिल हुए हैं। इससे विकास की गति काफी तेजी से आगे बढ़ेगा और अब तक पिछड़े क्षेत्रों में सुमार रहे जिला तथा गोड्डा एवं महागामा विधानसभा क्षेत्र तेजी से प्रगति करेगा। उन्होंने इसके लिए कांग्रेस आलाकमान को बधाई दी है। वही उन्होंने हेमंत सोरेन को भी बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का सारे रास्ते इस क्षेत्र से बंद हो जाएंगे। उन्होंने दोनों विधायक को भी बधाई दी है। इधर प्रखंड के बसुआ चौक पर गुरुवार को महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने विधायक दीपिका पांडेय सिंह के मंत्री पद की शपथ लेने के बाद जोश और उत्साह के साथ जश्न मनाया। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों पर नृत्य किया और खुशी में झूमते नजर आए। पूरे माहौल में उत्सव का रंग छा गया।

आमने-सामने भिड़े टैंकर और बोरिंग गाड़ी, ड्राइवर की हालत नाजुक

जामताड़ा ः समाहरणालय होकर गुजरने वाली जामताड़ा-देवघर मुख्य मार्ग पर नादियाचक गांव के समीप गुरुवार को टैंकर और एक बोरिंग गाड़ी के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में जहां दोनों गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है वहीं चालक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों ही तरफ से गाड़ी तेज रफ्तार में आ रही थी और तीखा मोड़ होने के कारण अचानक ही एक दूसरे के सामने आ गई और नियंत्रण नहीं रख पाने के कारण टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद भारी संख्या में ग्रामीण लोग वहां इकट्ठा हो गए। पुलिस प्रशासन को फोन करके सूचना दी गई और एंबुलेंस को भी बुलाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन की अनदेखी के वजह से इस जगह आए दिन दुर्घटना होती रहती है। सड़क निर्माण करने वाले कंपनी ने निर्माण के बाद किसी भी तरह का संकेत चिन्ह सड़क के किनारे नहीं लगाया गया है। यही वजह है कि अचानक से आए तीखा मोड पर गाड़ियों का नियंत्रण नहीं रह पाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि इस मार्ग पर जहां घनी आबादी है वहां पर रोड ब्रेकर और संकेत चिन्ह लगाया जाए, ताकि राहगीरों को सड़क की स्थिति का पता चल सके और दुर्घटनाएं भी कम हो।

मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को संरक्षण की जरुरत ः पीडीजे

गोड्डा ः मानसिक रूप से बीमार व मेधा दिव्यांगता से संबंधित नालसा 2024 स्कीम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के लीगल सर्विस युनीट फार चिल्ड्रन (एलएसयूसी) के सदस्यों का व्यवहार न्यायालय स्थित लाइब्रेरी हाल में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्राधिकरण के अध्यक्ष पीडीजे राजेश कुमार वैश्य , परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार वैश्य ने कहा कि मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को भी सभी प्रकार केसंवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। मानिसक रूप बीमार व्यक्ति के प्रति सहानुभूति बरतने की जरुरत है। ऐसे व्यक्तियों को अधिकार कराने की दिशा में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को क्रियान्वित कराने की जरुरत है। समाज के मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को उचित संरक्षण प्राप्त हो सके इस दिशा में सामूहिक रूप से कार्य करने की जरुरत है। नालसा के निर्देश के आलोक में गठित टीम को योजनाबद्ध तरीके से पहल करने का आह्वान कियाजिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार ने कहा कि स्कीम के प्रावधानों को प्रभावी रूप से समाज के मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को उपलब्ध कराने के लिए 19 सदस्यीय इकाई का गठन किया गया है। गठित इकाई में डालसा सचिव, अवकाश प्राप्त न्यायिक पदाधिकार, न्याय मित्र सह एलएडीसी, पैनल अधिवक्ता व अधिकार मित्र सह पीएलवी को शामिल किया गया। इकाई के सदस्यों को डालसा के प्रावधानों की समुचित जानकारी उपलब्ध कराने को लेकर दो दिवसीय आरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के लिए उपलब्ध कानूनी सहायता, चिकित्सीय सहायता तथा उनके पुनर्वास से संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। इस इकाई का मुख्य कर्तव्य समाज के मानसिक रूप से बीमार लोगों को विधिक अधिकारों को उपलब्ध कराना होगा। इस अवसर पर गोड्डा न्याय मंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

हेमंत मंत्रिमंडल गठन से गोड्डा जिले का बढ़ा मान, दो विधायक कैबिनेट में हुए शामिल

संजीव/ गोड्डा । झारखंड गठन के बाद संभवत पहली बार राज्य मंत्रिमंडल में गोड्डा जिला को इतनी बड़ी उपलब्धि मिली है। जहां पहली बार दो-दो विधायकों को हेमंत के कैबिनेट में जगह दे गई है। यह जिले के लिए एक गौरवशाली क्षण है। क्योंकि जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र में जहां इंडिया गठबंधन के विधायक हैं वहीं तीन में दो विधायक राज्य मंत्रिमंडल में शामिल हुए हैं। यह इस जिले के लिए एक गौरव की बात है। गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। जिसमें जिले के गोड्डा एवं महागामा विधानसभा क्षेत्र से विधायक को शामिल किया गया है। जिन विधायकों को आज कैबिनेट में जगह मिली है उनमें गोड्डा विधानसभा के राजद विधायक

संजय प्रसाद यादव एवं कांग्रेस के महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह शामिल हैं। बता दें कि गोड्डा जिले से इंडिया गठबंधन के तीनों प्रत्याशियों जीत दर्ज कर पहली दफा क्लीन स्वीप किया है। राजद सुप्रीमो के चहेते रहे हैं गोड्डा विधायक बात करें गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव के तो वे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के कृपा पात्र रहे हैं। और वे लगातार विपरीत परिस्थितियों में भी राजद के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पार्टी से जुड़े रहे।

फिलहाल पार्टी के प्रदेश महासचिव भी हैं। झारखंड में कुल चार सीट राजद को मिली हैं, जहां संथाल से गोड्डा और देवघर की सीट शामिल है। राहुल गांधी के कोर ग्रुप की मेंबर हैं महगामा विधायक वहीं महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह को फिर से कांग्रेस कोटे से मंत्री बनाया गया है। हेमंत सोरेन के जेल से निकलने के बाद लगभग चार माह तक दीपिका पांडेय सिंह ने मंत्री के रूप कार्य किया।

बतौर कृषि मंत्री ऋण माफी योजना का लाभ लोगों को दिया और कल्पना सोरेन के साथ मंईयां योजना के प्रचार प्रसार में भी आइकॉन की भूमिका में दिखीं। ऐसे में दीपिका पांडेय सिंह मंत्री बनना तय भी माना जा रहा था। इसके आलावा दीपिका पांडेय सिंह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कोर ग्रुप की मेंबर हैं। और सीधे संपर्क में रहने के साथ संगठन में राष्ट्रीय स्तर पर काम कर चुकी हैं। वहीं कई राज्यों की चुनाव प्रभारी के रूप में काम भी कर चुकी हैं।

राशन उपभोक्ताओं से ई-केवाईसी के नाम पर अवैध उगाही का आरोप

फतेहपुर, (जामताड़ा)। फतेहपुर प्रखण्ड के खिजुरिया के महिला विकास समूह के राशन डीलर द्वारा राशन उपभोक्ताओं से ई केवाईसी के नाम पर अवैध तरीके से पैसे की उगाही का मामला प्रकाश में आया है। बता दें कि महिला विकास समूह खिजुरिया के राशन डीलर द्वारा राशन कार्ड धारकों से ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने के लिए प्रति व्यक्ति से फिंगर के लिए 10-10 रूपये वसूलने का आरोप उपभोक्ता परिमल पंडित, हकीम पंडित, चंचला देवी, नमिता कुमारी, मंजू पंडित, गुली वाला पंडित, लक्ष्मी पंडित, सुमन पंडित, सूजन पंडित, रामेश्वर पंडित, संजय पंडित, रंजीत पंडित, जसोदा देवी, छवि देवी, उदय मंडल समेत अन्य ने लगाया हैं। मालूम हो कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने कार्डधारकों की सुविधा सुनिश्चित करने और उन्हें कई स्थानों पर जाने से बचाने के लिए ईकेवाईसी करने की जिम्मेदारी राशन दुकान डीलरों को सौंपी है। हालांकि खिजुरिया के महिला विकास समूह के डीलर द्वारा उपभोक्ताओं से प्रति फिंगर 10-10 रूपये लिया जा रहा है। अनाधिकृत शुल्क का भुगतान न करने पर उपभोक्ताओं को ईकेवाईसी नहीं करने की बात कही जा रही हैं। कई कार्डधारक अपनी आवश्यक खाद्य सब्सिडी के नुकसान के डर से अनिच्छा से इस अवैध शुल्क का भुगतान कर रहे हैं। ज्ञात हो कि सरकार के संबंधित विभाग के द्वारा सभी जन वितरण प्रणाली की दुकानों को निर्देश दिया गया है कि सभी राशन कार्ड धारकों का ई केवाईसी अनिवार्य रूप से कराना है। जिसका उद्देश्य राशन कार्ड धारी की पहचान कर सत्यापन करना है। अगर कार्ड धारकों की तरफ से यह अनिवार्य प्रक्रिया पूरी नहीं की गई तो राशन कार्ड भी अवैध करार दिया जा सकता है। सरकार का मानना है कि राशन कार्ड की ई केवाईसी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सिर्फ पात्र लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इससे राशन वितरण में पारदर्शिता आएगी और सेवाओं में भी सुधार होगा।

विश्व मृदा दिवस पर कृषक मित्रों के साथ हुई बैठक, दिए गए कई निर्देश

संवाददाता नाला (जामताड़ा)-- विश्व मृदा दिवस के अवसर पर नाला प्रखंड सभागार में कृषक मित्रों की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी मोहम्मद कयूम अंसारी ने की। इस अवसर पर अंचलाधिकारी मोहम्मद कयूम अंसारी, उप परियोजना निदेशक आत्मा संजय सिंह, बीटीएम गंगाधर मंडल,सीआई श्याम सुंदर बेसरा मुख्य रूप से मौजूद थे। मालूम हो कि इस दौरान विभागीय निर्देश के आलोक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई, खासकर सभी किसान मित्रों को पीएम किसान सम्मान निधि से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन दिए गए।इस अवसर पर अंचलाधिकारी मोहम्मद कयूम अंसारी ने सभी कृषक मित्रों को पीएम किसान सम्मान निधि से संबंधित लाभुकों के सत्यापन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बताया गया कि नाला में 3000 किसानों का पीएम किसान सम्मन निधि के तहत ऑनलाइन किया गया है।इस अवसर पर अंचलाधिकारी मोहम्मद कयूम अंसारी ने पीएम किसान के लाभुकों के सत्यापन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।बताया गया कि वैसे किसान जिसके परिवार में पीएम किसान सम्मान निधि मिल रही है उन्हें दोबारा या पुनरावृत्ति नहीं हो। साथ ही कहा गया कि जिस परिवार में किसी को पीएम सम्मान निधि नहीं मिल रही है वैसे परिवार को चिन्हित कर उसे आच्छादित करने का निर्देश दिया गया।साथ ही किसान सम्मान निधि से संबंधित विभिन्न मापदंड के बारे में भी जानकारी दी गई।बताया गया कि वैसे किसान जिसके पास 10 डिसमिल से ज्यादा खेती योग्य जमीन है ,परिवार के मालिक हो ,जिसके घर में सरकारी नौकरी ना हो, टैक्स धारक ना हो, चार पहिया वाहन ना हो आदि मापदंडों को ध्यान में रखते हुए इस योजना से लाभान्वित किया जाना है। इस अवसर पर उप परियोजना निदेशक आत्मा संजय सिंह ने भी कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए और मृदा जांच से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर अंचलाधिकारी मोहम्मद कयूम अंसारी बीटीएम गंगाधर मंडल, अंचल निरीक्षक श्याम सुंदर बेसरा राजस्व कर्मचारी सह उप निरीक्षक शिवानंद तिवारी, लक्ष्मी मंडल, अजय मंडल, मंत्री राम मंडल, शिवलाल मरांडी, दिवाकर घोष, विमल माजी,अजय कुमार मंडल,पवन पाल, जयदेव मंडल, विश्वजीत माल,बिमल माजी,सुजीत बाउरी,देवीश्वर टुडू,पार्वती हेम्ब्रम, शिवशंकर सिंह, अजीत मोदीकोड़ा, कार्तिक राय,स्वपन घोष, परितोष राणा,यामिनी घोष, गिरीधारी ठाकुर, निलकांत, मो0 डालीम, एसके सलीम, चंदन दे,सुखदेव मरांडी,संजीत गोरांई, धीरेन गोरांई, राजीव मंडल, नदियानंद घोष, सचिनंदन पाल आदि मौजूद थे।

जवाहर नवोदय विद्यालय में विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम आयोजित

महागामा । पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, ललमटिया परिसर में गुरुवार को विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ विद्यालय की उप प्राचार्य हिना फऋ के द्वारा किया गया। उन्होंने कहां कि मृदा प्रबंधन समय की मांग है एवं इसे भविष्य के लिए संरक्षित करने की आवश्यकता है। केंद्र सरकार के द्वारा चलाये जा रहे% स्कूल सॉइल हेल्थ प्रोग्राम के तहत नवोदय विद्यालय का चयन किया गया है और सरकार द्वारा मृदा परीक्षण उपकरण उपलब्ध कराया गया है। इस कार्यक्रम के तहत विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस को मनाने हेतु कृषि विज्ञान केंद्र गोंडा के हेड कम सीनियर साइंटिस्ट डॉ रवि शंकर, सोयल साइंटिस्ट डॉ ए पी ठाकुर प्लांट प्रोटेक्शन साइंटिस्ट डॉ सूर्य भूषण उपस्थित रहें, इन्होंने %मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर अपने वक्तव्य द्वारा छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। इनके द्वारा मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित कराई गई, प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीक्षित रानी, द्वितीय स्थान अविनाश एवं तृतीय स्थान पर भारती कुमारी रहीं। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सानू पाण्डेय ने किया।

सीनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम में गोड्डा का रौशन हुआ शामिल

गोड्डा । सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 दिसंबर तक कर्नाटक के बैंगलोर में हो रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कुश्ती संघ सचिव सुरजीत झा ने बताया कि इस कुश्ती प्रतियोगिता के लिए झारखंड की पुरुष एवं महिला टीम बुधवार रात रांची से ट्रेन द्वारा बैंगलोर के लिए रवाना हुई। टीम में ग्रीको रोमन स्पर्धा के लिए गोड्डा के प्रसिद्ध एवं प्रतिभावान पहलवान रौशन कुमार साह को शामिल किया गया है। सीनियर नेशनल के लिए पहली बार चयनित गोड्डा से सटे गांव कन्हवारा के लाल रौशन की इस बड़ी उपलब्धि पर जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो सहित जिला कुश्ती संघ के पदाधिकारियों में मनोज कुमार पप्पु, मनीष कुमार सिंह, अखिल कुमार झा, आशुतोष झा, मिथिलेश कुमार, ऋषितोश झा, आकाश कुमार, दयाशंकर, मुकेश कुमार भारती, राहुल कुमार आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रौशन को बधाई दी है। उक्त प्रतियोगिता के लिए झारखंड राज्य कुश्ती संघ द्वारा टीम के सभी सदस्यों को रवाना होने से पहले झारखंड खेल विभाग के सहयोग से ट्रैक सूट एवं स्पोर्ट्स किट प्रदान किया गया।

खेती करने के पहले मिट्टी की जांच अवश्य कराएं तभी मिलेगा फसल का लाभ : संजय

कुंडहित जामताड़ा) । गरुवार को कुंडहित कृषि तकनिकी केन्द्र में विश्व मृदा दिवस मनाया। इस अवसर पर कृषि पशुपालन एवं सहकारिता आत्मा जामताड़ा की और से कृषक गोष्ठी के माध्यम से किसानों को जागरुकता किया गया। कृषक गोष्ठी में उप परियोजना निदेशक आत्मा के संजय कुमार, कृषि तकनिकी प्रबधक सुजित कुमार सिंह बीटीएम अमिर हेम्बरम आदि उपस्थित थे।इस दौरान उप परियोजना निदेशक संजय कुमार सिंह ने उपस्थित किसान मित्रों को जानकारी देते हुए कहा खेती करने के पूर्व मिट्टी की जांच अवश्य करा लें। उन्होंने कहा की मिट्टी में 18 पोषक तत्व पाया जाता है। उसमें तीन पोषक तत्व के लिए हम विभिन्न तरह की रसायनिक खाद उपयोग करते है। लेकिन इसके बाबजुद कभी कभी हमारे खेती से उत्पादन कम होती है। इससे पता चलता है की हमारे मिट्टी में सारे पोषक तत्व नही होने के कारण खेती में उत्पादन कम होती है। उन्होनें कहा की प्रतिवर्ष एक बार कर मिट्टी की जांच अवश्यक कराए। अगर यह सम्बंभ नही हो पाता है तो तीन साल के अंदर एक बार मिट्टी की जांच अवश्य कराए। उन्होंने उपस्थित किसान मित्रों को जानकारी देते हुए कहा खेति करने के लिए रसायनिक खाद का उपयोग न कर बायों खाद का प्रयोग करने की सलाह दी। मौके पर कृषि तकनिकी प्रबंधक सुजित कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा की हमें क्षेत्र में बार बार सुनने को मिलता है फसल का पौधा हो गया पर फल कम आ रहा है। तथा पौधा बार बार मर जा रहा है। उन्होनें उपस्थित किसान मित्रों को जानकारी देते हुए कहा किसी भी फसल लगाने के पहले मिट्टी की जांच अति आवश्यक है। उससे हमें पता चल जाता है कि मिट्टी में कोन सा पोषक तत्व कमी है। उसी हिसाब से हम खेती मे खाद का उपयोग करेगें ताकि फसल का अच्छे पैदवार हो। मौके पर बीटीएम अमिर हेम्बरम, किसान मित्रों काजल राजवार, उज्ज्वल माजि, श्यामल फौजदार,गौतम मंडल, सेख सिराज, मुक्मार आजी, संजय सहित अनेकों किसान मित्रों उपस्थित थे।

अतिक्रमिक स्थानों पर पांचवें दिन भी चला नगर परिषद का बुलडोजर

गोड्डा सं। शहर में बढ़ते जाम की समस्या के समाधान को लेकर नगर परिषद एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को पांचवें दिन कारगिल चौक से लेकर गांधी नगर, गोढ़ी तक और फिर मिशन चौक से लेकर मिशन स्कूल के समीप संजीवनी हॉस्पिटल तक अतिक्रमिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर की सड़कों के किनारे अतिक्रमित स्थानों पर नगर परिषद का बुलडोजर चला कर अतिक्रमिक किए गए जगहों को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। बताते चलें कि यह अभियान पिछले पांच दिनों से लगातार जारी है जिसके तहत नगर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। नगर क्षेत्र में अतिक्रमिक स्थानों पर नगर परिषद का बुलडोजर चलाए जाने से पूर्व नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी को पत्र जारी कर एवं माइकिंग के माध्यम से पूरे नगर क्षेत्र में अतिक्रमिक स्थानों को खाली कराने का अल्टीमेटम दिया गया था बावजूद किसी ने अतिक्रमिक जगहों को खाली नहीं किया जिसके बाद नगर परिषद का बुलडोजर चला कर सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कराया जा रहा है। यह अभियान कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गोड्डा, आशीष कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अभियान के तहत सड़कों और नालों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। वहीं सड़क और नाले पर हो रहे अतिक्रमण को चिन्हित करने के लिए रंग से सीमांकन किया गया। इस दौरान सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में इस तरह का कार्य करने पर कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं इस अभियान में उन दुकानदारों को निशाना बनाया गया, जो अपनी दुकानों का सामान सड़क पर फैलाकर बिक्री करते हैं। ऐसे दुकानदारों का सामान जब्त कर उन्हें आर्थिक दंड दिया गया। इस अभियान के दौरान सड़क पर लगे वाहन के मालिकों को सलाह दी गई कि नो पार्किंग जोन में गाड़ी नहीं लगाया जाए। वाहन हमेशा पार्किंग जोन में रखें। उक्त अभियान के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी एवं नगर परिषद के अन्य पदाधिकारी, कर्मी एवं नगर थाना के पुलिस बल मौजूद रहे। यह पहल गोड्डा शहर को जाम मुक्त कराने के लिए एक अहम कदम साबित हो सकती है।

दीपिका पांडे सिंह के मंत्री बनने पर क्षेत्रवासियों में खुशी के लहर

महागामा । विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपिका पांडे सिंह को दूसरी बार मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर क्षेत्र में जबरदस्त जश्न मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। वही हनवारा चौक पर एकत्रित सैकड़ों समर्थकों ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी जाहिर की। साथ ही, मिठाइयां बांटकर और ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाच-गाने का आयोजन किया गया।इस खास मौके पर हनवारा चौक पर स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। समारोह में शाहीन आलम, अनिरुद्ध यादव, रफीक आलम, नसीम, अब्दुल गनी, शाकीर आलम उमेश पासवान, धर्मेंद्र पासवान मनोरंजन सिंह दीपक सिंह समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। सभी ने विधायक के प्रति आभार प्रकट करते हुए उनके नेतृत्व की तारीफ की।स्थानीय जनता में खुशी का माहौल लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि दीपिका पांडे सिंह ने हमेशा अपने क्षेत्र और जनता के हितों के लिए काम किया है। उनकी मेहनत और जनसेवा के प्रति समर्पण के चलते उन्हें दोबारा मंत्रिमंडल में स्थान मिला है। आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों का आयोजन जश्न के दौरान समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की। पटाखों की गूंज से पूरा हनवारा चौक गूंज उठा ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य करते हुए युवाओं ने अपनी खुशी का इजहार किया। वहीं महिलाओं और बच्चों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर इसे खास बना दिया।विकास की नई उम्मीदें समारोह में मौजूद लोगों ने कहा कि दीपिका पांडे सिंह के मंत्रिमंडल में शामिल होने से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी। स्थानीय नेताओं ने उम्मीद जताई कि विधायक क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने में सफल होंगी। सामाजिक एकता का संदेश कार्यक्रम में सभी धर्म और वर्ग के लोग शामिल हुए, जिससे सामाजिक एकता का अनूठा संदेश मिला। रफीक आलम और शाहीन आलम ने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ एक नेता का सम्मान नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की एकता और विकास की कामना का प्रतीक है मिठाई वितरण और धन्यवाद भाषण समारोह के अंत में मिठाइयां बांटी गईं। शाहीन आलम और अनिरुद्ध यादव शाकीर आलम ने विधायक को उनकी सफलता पर बधाई दी और सभी कार्यकर्ताओं को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया हनवारा चौक पर इस तरह के आयोजन ने न केवल स्थानीय राजनीति में नई ऊर्जा का संचार किया बल्कि जनता और नेताओं के बीच के रिश्ते को भी मजबूत किया।

फरार अभियुक्त के साथ दो शातिर बाइक चोर गिरफ्तार

जामताड़ा । संताल एक्सप्रेस। जिला मुख्यालय में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटना से लोगों को काफी अर्थित नुकसान उठाना पड़ रहा था। शहर में ज्यादातर मुख्य जगह पर सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं, इसके बावजूद शातिर चोरों ने पुलिस को नाको दम करके रखा था। पुलिस भी लगातार सूचना इकठ्ठा कर विभिन्न स्थानों में छापेमारी कर रही थी लेकिन पुलिस को सफलता नही मिल रही थी। आखिरकार पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया। सदर थाना क्षेत्र के मोहरा गाँव से दो चोर को चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। आज सदर थाना में प्रभारी सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार मंडल ने प्रेस कांफ्रेंस कर मामले का खुलासा करते हुए कहा कि शहर में हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटना का उद्भेदन करने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। चोरों के बारे में गुप्त सूचना प्राप्त हुई, जिसके बाद उंक्त स्थान पर छापेमारी की गई। जिसमें एक चोरी की मोटरसाइकिल समेत दो चोर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में एक और चोरी की मोटरसाइकिल फतेहपुर थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है। मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पता चला है। जिसमें अभी और सदस्य फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं इंस्पेक्टर ने एक अन्य मामले का खुलासा करते हुए कहा कि 2021 में नगर के एक मोल में एसी लगाने को लेकर धिरेन महराना नामक एक व्यक्ति ने अनिकेत सिंह से एसी लगवाने का काम किया। उसके बाद उक्त व्यक्ति ने अनिकेत सिंह को नगद कि जगह चेक दिया। जब अनिकेत सिंह ने चेक बैंक में दिया तो उक्त व्यक्ति के खाते में पैसा नहीं होने के कारण चेक बाउंस हो गया। चेक बाउंस होने के बाद श्री सिंह ने नगर थाना में मामला दर्ज कराया। उसके बाद पुलिस ने उक्त व्यक्ति कि गिरफ्तारी के लिए कई जगह पर छापामारी अभियान चलाया। अंत में उसे उड़िसा के कटक से गिरफ्तार किया गया। तीनों अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है।

बांग्लादेश रे हिंदुको चेतान होयोक् कान नाहांचार खिलाफ रामगढ़ रेको ओडोक केदा आक्रोश मार्च

खोबोरिया

रामगढ़। बांग्लादेश रे हिंदुको चेतान नाहांचार होयोक् कान आरइस्कॉन प्रमुख साबे विरोध रे लुखीवार हिलोक् रामगढ़ रे माराडकोप्रदर्शन केदा। बांग्लादेश खिलाफ आक्रोश मार्चको ओडोक केदा। विश्वहिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी, भाजपा युवा मोर्चा आर आयमा हिंदू संगठनरेन रासियाको छाडा आम नागरिक होड़को हों नोआ आक्रोश मार्चरेको सेलेत् एना। नोआ ओकते बांग्लादेश रेन मोह मद यूनुस सरकारखिलाफ यूएन रे केटेच् मुद्दा राकाब रेयाक् खोज भारत सरकार ठेनेखोज केदा। आक्रोश मार्च रे सेलेत् होड़ दो संयुक्त राष्ट्र आर भारतसरकार ठेन बांग्लादेश रेयाक् दंगाको रे दबाव बानाव रेयाक्को खोज केदा।

सिद्धू-कान्हू टाण्डी खोन फुटबॉल ग्राउंड हाबिच्को ओडोक केदा रैली

रामगढ़ रे राष्ट्रीय सनातन समाज रेयाक् बैनर लातार सोहोररेयाक् सिद्धू कान्हू मैदान रेको जारवा एना। चट्टी बाजार, झंडा चौक,थाना चौक, मेन रोड, सुभाष चौक सेच् ते फुटबॉल ग्राउंड हाबिच्।रैली रे राजनीतिक पार्टीको आर सकल हिंदू समाज रेन छाडा आयमाहोड़ गोगोदाड़े होंको सेलेत् एना। पुराउ रैली रे भगवा झंडालहराव तुलुच् जेल एना। अनामिका श्रीवास्ताव दोय मेन केदा जे बांग्लादेश रे हिंदू समाज रे होयोक्कान नाहांचार ते पुराउ हिंदूसमाज रे रांगाव मेनाक्आ। उनी दो संयुक्त राष्ट्र आर भारत सरकारठेन बांग्लादेश सरकार रे दबाव दोहोय आर दंगाको रे तुरातकारवाई लागित्ए खोज केदा। उनी दोय मेन केदा जे बांग्लादेश रे अल्पसंख्यक सांवते होयोक्कान घोटोना रोकाव लागित् अंतरराष्ट्रीयतारी रे कुरूमुटूय जारूड़ काना।

सुधांशु त्रिवेदीयाक् बयान रे राज्यसभा रे हंगामा

खोबोरिया

नावां दिल्ली। सांसद रेयाक् उच्च सदन राज्यसभा रे तेहेञ सेताक् शून्य काल ओकते सुधांशु त्रिवेदीयाक् बयान रे हंगामा होय एना। नोआ रे सदन रेयाक् कार्यवाही दो 12 बजे हाबिच् लागित् ठेलाव एना। त्रिवेदीदो चुनाव आर सत्र खोन लाहा रे विदेशी रिपोर्ट उपार रे कुकलीयराकाप् केदा। नोआ रे विपक्ष दो हंगामाको एहोप् केदा। मुचात् रेसभापति दो कार्यवाही दो तिकिन 12 बजे हाबिच् लागित्ए ठेलावकादाक्आ। त्रिवेदी दो पारोमेन पे बोछोर रेयाक् काथाय लाईआकादा। उनी दोय मेन केदा जे जाहांतिन रे गे संसद रेयाक् सत्रएहोबोक् रेयाक् ताहेंन काना, जाहां बाङ जाहांनाक् विदेशीरिपोर्ट दो जारीक् काना। उनी दो दोसे लादे आकादा जे नोआ दोइत्तेफाक दो बाङ काना। आम चुनाव खोन ठीक लाहा रे कोविड वैक्सीनरेयाक् रिपोर्ट जारी आकाना। 20 जुलाई 2023 हिलोक् संसद सत्र खोन लाहा मणिपुर हिंसा रेयाक् वीडियो जारीयाकाना। बजट सत्र खोन लाहा हिंडन बर्गआक् रिपोर्टे जारीयाकाना। नित नोआ सत्र खोन लाहा रेमित्टेन व्यावसायिक घारोंज उपार रे मित्टेन कोर्ट रेयाक्आदेश हिजुक् कना। उनी दोय मेन केदा जे जाहांय होड़ाक् मोने रेभारत हारावे रेयाक् कुकमुको जेलेत् काना, ओनको दो नोआबाडायलेककान ताकाआ जे नोआ दो नरेंद्र मोदीयाक् आयुर वाला भारतकाना। भारत दो गोरोब सालाक् आयाक् डाहार रेय लाहा इदिक् काना। नोआ रे सभापति दोय मेन केदा जे नोआ दो मित् माराङ मामलाकाना। नोआ रे जोतो होड़ मित्जुटुक् रेयाक् लाकती मेनाक्आ।

विधायक ए हेच् एना सब्जी मंडी बेपारीकोय कुली केत्कोआ

खोबोरिया

हजारीबाग । सदर विधायक प्रदीप प्रसाद दो लुखीवार हिलोक् होड़को सांवते सीधा ते गालमारावक् तुलुच् डेली मार्केट रेयाक् सब्जी मंडीरेय जेल ओनमान केदा। बेपारीको दो बिजली, चापाकल, शौचालय, नालीसाफाई, रोड बानाव आर मंडी रेयाक् जोतो बेबोसता बाबोतमुसकिलाक्को बाडाय ओचो केदेया। प्रसाद दो नोआ मुसकिलाक् गाहिरहुदिस तुलुच् तुरंत नगर निगम रेन सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार सांवतेय सोमपोक केदा। उनीयाक् हाजिर रे मंडी रेय ओनमान केदा। आर मिमित् मुसकिलाक्ए बुजहाउ केदा। अधिकारी दो विधायक मेतावादेया जे जातो मुसकिलाक् फाण्डाव होयोक्आ। ताक रे प्रदीपप्रसाद दो खोबोरियाको गालमारावाको तुलुच्ए मेन केदा जेहोड़ाक् मुसकिलाक् बुजहाउ आर फाण्डाव दो उनीयाक् जि मावारीकाना। अधिकारीकोञ हुकुम आकावात्कोआ जे मित् हापता भितार नोकोवाक् मुसकिलाक् फाण्डाव होयोक् मा। जावगे होड़को सांवतेमिनाञा। इञाक् दुवार मिमित् होड़ लागित् झिच् गेया। इञाक् मोतलोब मेनाक्आ जे सदर क्षेत्र विकास रेयाक् नावां उसुल ए तियागआर मिमित् होड़ लागित् आसोल जारूड़ाक्को ञाम।

बाबूलाल मरांडी दो कोदईबांक रे मांझी थाने रेहेत् केदा

खोबोरिया

गिरिडीह। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आर माड़ाङ रेन सिरामंत्री बाबूलाल मरांडी दो सारदीमाहां हिलोक् आको आतो कोदईबांक आचोरोक्ठेन मांझी थान दोय रेहेत् केदा। उनी दोय मेन केदा जे संथालकोवाक्दो बारया गे पूजा जायगा मेनाक्आ, पाहिल दो जाहेर थान आरदोसार दो मांझी थान। नोआ दो संथालकोवाक् धोरोम जायगाकानताकोआ। जुदी आतो खोन जाहेर थान आर मांझी थान चाबायेना, तोबेसंथाल जात होंको चाबाक्आ। आबो दो उन हाबिच् संथालबोन ताहेंना,तिन हाबिच् आबो दो जाहेर थान आर माराङ बुरूबोन पूजावाकिन काना। जाहेर थान रे माराङ बुरू पूजावाय दो संथालकोवाक् ओपरोम काना।ओना लेका गे, आबो दो पिलचु हाड़ाम आर पिलचु बुढ़ही रेन बोनसो कानाबोन आर आबो दो उनकिनबोन पूजावाकिन काना। नोआ गे आबोवाक् गाड़ आबोवाक् राई-रित आर नोआ गे संथालकोवाक् ओपरोम काना।

पंजाब रे पेया बेपारीको हाजोत केत्कोआ, करोड़ टाका रेयाक् हेरोइन आर साढ़े 4 लाख टाका रेयाक् ड्रग मनीको साप् केदा

खोबोरिया

चंडीगढ़ । बुलुक् लेकानाक् बेपारी बिरूद रे लाड़वानाक्को ओडोक केदा। पंजाब पुलिस दो आडी जासती रे बुलुक् लेकान जेनेस आरड्रगमनी दोको साप् केदा। जाँच रे बाडायेना जे नोआ बुलुक् जेनेस दो एटाक् दिसाम खोनको अगुवाकात् ताहेंना आर पंजाब छाडा जुदा-जुदापोनोत रेयाक् आयमा जायगा रेको कोल केया। पुलिस रेन महानिदेशकगौराव यादव दो सारदिमाहां हिलोक्ए लाई केदा जे काउंटरइंटेलिजेंस अमृतसर दो आसोल ऑपरेशन होतेते पे होड़को हाजोतकेत्कोआ। नोआ हाजोत दो अमृतसर रेयाक् पंजाबी बाग रिसॉर्टसोर खोनको साप् केत्कोआ। ऑपरेशन ओकते दुसी ठेन खोन मोड़े किलो हेरोइन आर 4.45 लाख टाका रेयाक् ड्रगमनीको जाकोड़ केदा।मामला दो ओल राकाप् तायोम दुसी रेन दोल बाबोत रे बानाडायकोहातावेत् काना। दुसीकोवाक् फोन दो अंतर्राष्ट्रीय बेपार सांवते जोड़ाव होय दाड़ेयाक्आ। नोआ बाबोत तेको जाँचेत् काना।

मोड़ें बोछोर मारेनाक् काट साहान मामला रेको गोच् लेदेया रिटायर्ड माहांसोय

खोबोरिया

पलामू। पलामू जिला रेयाक् सतबरवा थाना टोठा रेयाक् हलुमाड़ आतोरे हाई प्रोफाइल रिटायर्ड माहांसोय परीक्षण सिंह गोच् मामला पुलिसदोको लाई आकादा। मोड़ें बोछोर लाहा काट साहान लागित्झागड़ा खातिर परीक्षण सिंह दोको गोच् लेदेया। पुलिस दो गोच् रेसेलेत् दुसी साप्को तुलुच् कांड रे बेवहार टांगीको ञाम आकादा।दुसी दो हलुमाड़ आतो रेन गे प्रदीप सिंह रूप रेय बाडाय आकाना। प्रदीपदो सनकी टाइप कोड़को लाई आकादेया। लुखीवार हिलोक् थाना प्रभारी अंचित कुमार दो खोबोरियाकोय लायात्कोआ जे गोच्एन परीक्षण सिंह रेन कोड़ा सतीश सिंह दो ओल आरदास एम काते आतोरेन गे पे होड़ चेतान रे गोच् कांड रेन आरोपी आकात्कोआ।मामला सेंदराय रे प्राथमिक अभियुक्त प्रदीप सिंह केटेच् तेको कुलीकेदेया। इना तायोम आयाक् दोसे हेंक् आंगोच् आकादा। गोच् रेबेवहारलेन टांगी दो अपराधीयाक् निसानादेही रे पुलिस दोको ञाम केदा। उनी दोय लाई केदा जे नोआ लाहा प्रदीप सिंहआक् आपराधिकइतिहास ताहेंयाकानताया। उनी दो 17 मार्च 2019 हिलोक् परीक्षण सिंह आच् बाहू रे जानलेवा हामला लेदा। नोआ रेयाक् सतबरवा थाना रे लालिस मेनाक्आ। काट साहान दो गोच्एन रेन ओड़ाक् होड़ेजेरेत् लेदा।

आमने-सामने भिड़ावेना टैंकर आर बोरिंग गाड़ी, डायबोराक् हालोत

खोबोरिया

जामताड़ा। समाहरणालय सेच् ते पारोमोक् जामताड़ा देवघर आसोल होर रे नादियाचक आतो सोर रे लुखीवार हिलोक् टैंकर आरबोरिंग गाड़ी आमने सामने भिड़ावेना। नोआ घोटोना रे जाहांबानार गाड़ी दो तिपिञ बाड़िच् आकाना नोते डायबोराक् हालोतनाजुक आकाना। लाई केदाको जे बानार नाखा खोन रेस गे ताहेंकानाआर तीख मोड़ मेनाक् ते आचका गे गाड़ी दो भिड़ावेना आर डायबोरबाकिन सामबड़ाव दाड़ेयात् ते ठोकोर एना। घोटोना तायोम आयमाहोड़को जावरा एना। पुलिस प्रशासनको फोनात्कोआ आर एंबुलेंसहोंको होहोवात्कोआ। आतो होड़को लाई केदा जे प्रशासनाक्अनदेखी खातिर नोआ जायगा रे घोटोना होय इदीक् काना। सोड़ोक्बेनावको कंपनी दो बेनाव तायोम जाहां लेकान संकेत हों सोड़ोकआड़े रे बाको लागाव आकादा। ओना खातिर ते आचका हिजुक् तीखामोड़ रे गाड़ी दोको बाको सामबड़ाव दाड़ेयाक् काना। आतो होड़ दोजिला प्रशासन ठेनको खोज आकादा जे नोआ होर रे जहां घनी आबादीमेनाक्आ ओण्डे रोड ब्रेकर आर संकेत चिन्हा लागाव होयोक् मा आर जेमोन होर तेनको सोड़ोक रेयाक् हालोतको बाडाय दाड़ेयाक् आर घोटोना हों कोमावक्।

प्रमुख आर उप प्रमुख दो आंगनबाड़ीकिन जेल ओनमान केदा

खोबोरिया

हजारीबाग। सदर प्रखंड प्रमुख वीना देवी आर उप प्रमुख रविकांत सिंह दोआंगनबाड़ी केंद्र रे होयोक् कान गड़बड़ीको रे केटेच् दोहोयतुलुच् लुखीवार हिलोक् आयमा केंद्रकिन जेल बाड़ा केदा। नोआ जांच रे पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार, नीलम देवी आर प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता हों सेलेत्ए ताहेंकाना। जांच ओकते बैहरी, ओरिया,नगवां घालोक् आयमा आंगनबाड़ी केंद्र रे बेमोंज कामीको ञामकेदा। जेल ओकते टीम दोको ञाम केदा जे आयमा केंद्र दो आकोओड़ाक् खोनको चालावेत् काना। नोआ छाडा गिदरावाक् लेखा रे कोमगे, पोषण आहार कोमाव गे आर भारती होड़मो मायजिवको सोमोयरे राशन बाडको ञाम लेकान मुसकिलाक् सामाङ हेच् एना। जेल ओकतेटीम दो एकेन आंगनबाड़ी केंद्र हाबिच् गे बाङ बोरोङ प्रखंड रेचालाक् कान एटाक् जन कल्याणकारी योजनाको हों जेलेका अबुआआवास, जनवितरण प्रणाली, पेयजल बेबोसता, प्राथमिक विद्यालय आर स्वास्थ्यकेंद्र हों जांच रेयाक्को गोटा आकादा। नोते होड़ाक् लालिससीधा आंजोम लागित् प्रखंड प्रमुख आर उप प्रमुख दो आकिनाक्नंबरकिन एम आकाना। प्रखंड प्रमुख वीना देवी 9931341724 आर प्रखंड उपप्रमुख रविकांत सिंह 9431141317 मोबाइल नंबरकिन एम एना। आर जांच टीम दोको मेनाकादा जे जाहां लेकानाक् लापरवाही दो बाडञेलगोत्काक्आ आर दुसीको चेतान रे केटेच् ते साजाई होयोक्आ।

झारखण्ड रोफायमे

-बाबूजी सोरेन ''बिरबाहा''
(धमनी, डा0 बरमसिया, गोड्डा)

एनान चाय चा पा खोनेम बिडराउ लेना,
तेहेञ झारखंड पोनोत रेम बेरेल एना।

पाञ्जा पाञ्जा ते माधो सिञ होंय हेच् एना
नोन्डे आयमा माधो सिञको उपेल एना।

होपोन एरा मिसेराको लिलामोक् काना,
जुमी जायगा सानामको सिबाड़ काना।

आरहों बिडराउ काते ओका रेम दाड़ाना ?
किस्कू रापाज सागाड़ नोन्डे गे ढाङ एना।

किस्कू राजा लागा लेदाय बारो जोड़ सागाड़,
बागीयादाय, चा पा, बादोली, कोयण्डा गाड़।

गुड़गाउ चालाक् रे गे मेनाक्, सानाम सागाड़,
जाहाँ ठाँव ते तेंगोना, ओन्डे गे नावां गाड़।

मित् सागाड़ झारखण्ड पोनोत रे तेंगोयेना,
चाय-बाहेर रेन सिपाहीये लाहायेना।

दिहरी हुदा, माराङ माची रेय दुडुप् एना,
चाय-बाहेर गाड़ आरहों बेरेत् रूवाड़ एना।

कोय-नेहोर ते बाङ ञाम आकाना झारखण्ड।
दान-दाया ते बाङ ञाम आकाना झारखण्ड।

लाड़ावना रेयाक् फोलाफोल काना झारखण्ड।
मायाम ते गाबाव बेगार आकाना झारखण्ड।

झारखण्ड खातिर आलेखा होड़को दाड़ें लेना,
दिसायमे, ओनकोवाक् कुकमू चेत् ताहेंकाना ?

कुकमू ओनकोवाक् सारीयाक् होयोक् तामा,
हानापुरी खोन पासेच्को जेञेल काना।

आम गे, झारखण्ड रेन आगुवादार हेमंत सोरेन,
आम गे, बाबांचाविच् रेंगेच्-नाचार होड़को रेन।

आम गे, सोना होपोन बिर मा दिसोम रेन,
झारखण्ड रोफायमे, आम रेले भोरसायेना।

जांगा बेड़ी, ती तोल सिकड़ीम तोपाक् केदा।
बिरबांव होय भारण्डो होंम दाराम केदा।

जारूड़ोक् खान उदुगमे, बिर राजा कुल रूप।
सुमान उतारोक्माय, माधो सिञ जायजुग।

वनप्लस दो दारायकान पे सेरमा रे भारत रे 6,000 करोड़ टाका रेयाक पुंजीय लागावा

खोबोरिया

नावां दिल्ली। वनप्लस चीन रेन मित्टेन आसोल स्मार्टफोन बेनाव कंपनी दोभारत रे बेपारी लागित् ते आडी माराङ पुंजी लागाव रेयाक् योजनायेसारसादले आकादा। कुपनी दो निया योजना लेका ते दारायकान पेबोछोर रे वनप्लस भारत बाजार रे 6,000 करोड़ टाका हाबिच्रेयाक् पुंजीय लागावा। वनप्लस दो प्रोजेक्ट स्टारलाईट रेयाक्एहोप् लागित् तेय गोटावाकादा।

ओका दो कंपनी भारत रे नावानाक्आरजाव दो ढेरोक् लागित् ते आर सेवा रे सुधार लागित् ते 2,000 करोड़ टाका रेयाक्ए पुँजीय लागावाय। प्रोजेक्ट स्टारलाईटलागाव दो आसोल लेका रे ढेर दिन टिका जेनेसे बेनावा,कोस्टमराक् रासका दो ढेर आचोया आर भारताक् जारूड़आक्दो पुराउ लागित् तेय जोसे दोहोवाकादा। वनप्लस दो भारत रेनमित्टेन आसोल अधिकारी दोय नोआ पुंजी रेयाक् चोट प्राधान्यतायेसोदोर तुलुच्ए मेन केदा जे भारत लागित् ते दो आसोल बाजारमेनाक्आ आर उनी दो भारत रेन होड़ सोंगे आर गोड़ो ञामलागित् तेय आड़ी कुरूमुटूयेत् काना। उनी दो नोआ होय मेन केदाजे नोआ पुंजी लागाव दो कंपनीवाक् दारायकान ब्रांड लागित् ते दोआडी मोहोतानाक् गेया आर आरजार आर सेवा रे नावा रूप रेआगुय लागित् ते गोड़ो ञामोक्आ। वनप्लस दो नोआ माराङ पुंजभारतीय स्मार्टफोन बाजार रे मित्टेन नावां मुकामे तेंगोदाड़ेयाक्आ आर वनप्लस दो भारत रे मित्टेन माराङ ब्रांड कंपनी बेनाव लागित् तेय गोड़ोय ञाम दाड़ेयाक्आ।

श्री सांवलिया सेठाक् दरबार रे जारवायेना आयमा टाका, लेखा तेको लांगायेना, बेनाव दाड़ेयाक्आ नावां रिकॉर्ड

खोबोरिया

उदयपुर। श्री सांवलिया सेठ मंदिर रेयाक् भंडार रेयाक् लेखा दो नितमोटामुटी 21 करोड़ 96 लाख 75000 हजार टाकागान सेटेर आकाना।खोबोर ओलोक् हाबिच् हों नोआ लेखा दो तोंगे गे ताहेंकाना।सागुनमाहां हिलोक् पोन राउंड रे मोटामुटी 2 करोड़ 73 लाख 90000 टाका पोयसाको लेखा केदा। दान डिब्बा खोनको ओडोक आकात् टाकाछाडा भेंट कक्ष रे जामा ऑनलाईन टाका मनी आर्डर रेयाक् हिसाबदो नित हों बाकी गेया। सांवते सोना-चांदी रेयाक् तुला दो बाङ होय आकाना। नित हों काउंटिंग रे 3 दिसंबर हिलोक् 4 करोड़ 27 लाख 80हजार टाकाको लेखा लेदा। मेनखान सागुनमाहां हिलोक् पोनाक् राउंड रे 2 करोड़ 73 लाख 90000 टाका रेयाक् लेखा दो होय आकाना। नोआ लेका ते नित हाबिच् ते मोटामुटी 21 करोड़ 96 लाख 75000 हाबिच्रेयाक् लेखा दो सेटेर आकाना, मेनखान नित हों भंडार रेयाक् पोयसा लेखा दो बाकी गेया। सांवलिया सेठाक् मंदिर ट्रस्ट रे बाडाय ञाम आकान लेकाते 21 करोड़ टाका दो नित हाबिच् ते जोतो खोनढेर टाका काना। ओन्डे नित हों ओना रेयाक् काउंटिंग दो बाङ होयआकाना। नोंका बाडायोक् काना जे निया धाव दान डिब्बा खोन ओडोकआकात् खाजाना दो मित्टेन नावां रिकॉर्डए बेनाव दाड़ेयाक्आ।मोटामुटी बार चान्दो तायोम श्री सांवलिया सेठ मंदिर रेयाक् दानडिब्बा दोको ओडोक केदा, तोबे नोआ लेका ते टाका जोगाव जारवाक् काना जे पोन राउंड रे लेखा कातेक् रे हों नित हों दानडिब्बा खोन लेखा दो बाङ चाबावाकाना। मेवाड़ रेन श्री सांवलिया सेठ मंदिर दो दिसाम रेयाक् जोतो खोन ढेर टाका जारवाकान मंदिररे ञुमुगोक् काना।। नोन्डे दो दिनाम हिलोक् हजार गोटेच् होड़ पूजाय लागित् तेको हिजुक् काना। ओन्डे आयमा होड़ श्री सांवलिया सेठदो बेपार रे आपनार पार्टनर होंको बेनाव चुकाउ आकादेया। नोआइयाते आयमा होड़ आकोवाक् बेपार रेयाक् पोरहो हिंस दो सांवलिया सेठाक् भंडारे रेको दानएत् काना।

गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव के मंत्री बनाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

दुमका। हेमंत सोरेन सरकार के कैबिनेट विस्तार में राष्ट्रीय जनता दल के गोड्डा विधायक सह प्रदेश प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव को झारखंड सरकार में मंत्री बनाए जाने और दुमका के राजद कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। गुरुवार को राजभवन में शपथ ग्रहण के पश्चात दुमका के राजद जिलाध्यक्ष प्रमोद पंडित ने झारखंड सरकार के मंत्री संजय प्रसाद यादव को पुष्प गुच्छ देकर बधाई और शुभकामनाएं दिया है। मौके पर संतोष मंडल, रामसुंदर पंडित, राकेश यादव सहित कई उपस्थित थे।

अनियंत्रण होकर खाई में गिरी ऑल्टो कार

रानीश्वर(दुमका) । रानीश्वर थाना क्षेत्र के मयूराक्षी नदी के महेशबाथान घाट के दक्षिण भाग स्थित हाड़जोड़ा के पास गुरुवार को नियंत्रण खोकर एक मारुति अल्टो ऑल्टो कार खाई में गिर गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलकांदी पंचायत के शाकाकान्दर गांव के रवि शेख अपना पत्नी एवं पुत्र के साथ अपने घर शाकाकान्दर वापस जा रहे थे, जाने के दौरान नियंत्रण खोकर वाहन खाई में गिर गया। हालांकि इस घटनाक्रम में कोई हताहत नहीं हुआ।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

रानीश्वर । रघुनाथपुर -आसनबनी मुख्य पथ के बोराडांगाल के पास दो बाइक के आमने सामने टक्कर से एक बाइक सवार को घटनास्थल पर मौत हो गया है। वहीं अन्य गंभीर रूप से घायल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ आजाद शेखर पंडित ने प्राथमिक उपचार के बाद सिउड़ी के सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। मृतक लखिन्द्र टुडू उम्र 30 बीरभूम जिला के पाचामी का है । वहीं गंभीर रूप से घयल मनाबेश सोरेन उम्र 25 टोंगरा थाना के उसी गांव के हैं ।

परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण प्रतियोगिता का आयोजन

जरमुंडी । जरमुंडी प्रखंड अंतर्गत प्रिय अंजली सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सिटिकबोना में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण का आयोजन देवघर विभाग के दुमका संकुल अंतर्गत आयोजित किया गया। इसमें जीसीईआरटी के दिशा-निर्देश में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के तहत नेशनल काउंसिल आफ एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) के राष्ट्रीय मूल्यांकन निकाय की ओर से परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण- 2024 का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा तृतीय के छात्र शामिल हुए। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 का प्राथमिक उद्देश्य स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के साथ एक नई उच्च गुणवत्ता वाली वैश्विक मूल्यांकन पद्धति विकसित करना है। यह सर्वेक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उल्लेखित उद्देश्यों के अनुरूप है। इसमें कक्षा तृतीय में आधारभूत, प्रारंभिक और मध्य चरणों के अंत में छात्रों की क्षमता, दक्षता का आकलन करेगी। परीक्षा के आधार पर छात्रों के शैक्षिक स्तर, मानसिक स्तर व बौद्धिक स्तर की जांच की जाएगी। सर्वेक्षण के समापन के अवसर पर प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मधुप, आचार्य अमीन सोरेन, ऑब्जर्वर उमाकांत सिंह, सहयोगी जय दत्त सहित परख सर्वेक्षण में अन्य शिक्षकगण ने सहयोग किया।

मंत्री बनने पर राधा कृष्ण किशोर,इरफान अंसारी, दीपिका पांडे व शिल्पी नेहा तिर्की को दी बधाई

देवघर संताल एक्सप्रेस । झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार, देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा एवं देवघर जिला महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रमिला देवी ने मंत्री बनने पर राधा कृष्ण किशोर, डॉक्टर इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह एवं शिल्पी नेहा तिर्की को बधाई देते हुए कहा कि ये अपने कार्यकलापों से झारखंड की जनता की आशाओं पर खरा उतरते हुए झारखंड राज्य को विकास के पथ पर ले जाने का काम करेंगे।

बीडीओ ने विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

रानीश्वर(दुमका) । पंचायत दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने उपायुक्त दुमका के आदेशानुसार दक्षिणजोल पंचायत का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा के तहत चोपाबाथान गांव में लाभुक नीमावती देवी का सिंचाई कूप, अलीगंज गांव के लाभुक पुष्प कुमार राय व मुकेश राय का टीसीवी योजना, धधका गांव के लाभुक चंद्रशेखर राय का आम बगीचा, अबुआ आवास योजना के तहत चोपाबा थान गांव के लाभुक फिरोज अंसारी, शाहनाज बीबी, हसीना बीबी एवं 25वें वित्त आयोग के तहत निजुरी गांव में निर्माणाधीन जलमीनार का निरीक्षण किया।सिंचाई कूप निर्माण कार्य का सूचना पट टूटा हुआ पाया गया, जिसे रोजगार सेवक को ठीक कराने का आदेश दिया। बीडीओ ने पंचायत सचिव एवं मुखिया को पंचयात भवन की दीवार पर अबुआ आवास के लाभुकों का नाम अंकित करने का आदेश दिया। मौके पर 15वें वित्त आयोग के अभिलेखों की बीडीओ के द्वारा मांग करने पर पंचायत सचिव रघुनाथ चंद के द्वारा अभिलेख नहीं दिखाया गया। पोर्टल का अवलोकन करने पर पता चला है कि विभागीय आदेश का उल्लंघन कर भुगतान किया गया है। जिसके लिए बीडीओ ने पंचायत सचिव एवं मुखिया से स्पस्टीकरण मांगा। जवाब नहीं देने पर करवाई की चेतावनी दी।मौके पर बीडीओ के साथ मनरेगा के बीपीओ, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, आवास योजना के प्रखंड समन्वयक, मुखिया, पंचायत सचिव व पंचयात स्वयं सेवक मौजूद थे।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सर्व सनातन समाज ने निकाला आक्रोश मार्च

सर्व सनातन समाज ने डीसी को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

दुमका । सर्व सनातन समाज के बैनर तले गुरुवार को बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार का विरोध दुमका की सड़कों पर आक्रोश मार्च निकाला । काफी संख्या में लोग दुमका के यज्ञ मैदान में एकत्रित हुए और आक्रोश मार्च के माध्यम से उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

सर्व सनातन समाज के कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुनील सोरेन सहित शहर के गणमान्य लोगों ने बांग्लादेश में हिन्दू समाज के प्रति हो रहे अत्याचार पर आक्रोश व्यक्त किया। सर्व सनातन समाज के सदस्य ने कहा कि जिस तरह से बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अमानवीय व्यवहार कर निंदनीय घटना लगातार कर वहां के हिंदू समाज को प्रताड़ित किया जा रहा है, मार जा रहा है मन्दिरों को तोड़ा जा रहा है, वहां की मां बेटियों के साथ अत्याचार किया जा रहा है सर्व सनातन समाज इसका कड़ा विरोध करती है। इस घटना से भारत का हिंदू समाज काफी आक्रोशित है।

आक्रोश मार्च निकालकर उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया गया है कि बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं के अत्याचार पर भारत हस्तक्षेप करे। अगर ऐसा नही होगा तो आने वाले समय मे सर्व सनातन समाज एक बड़ा आंदोलन करेगी।

जुगाड़ गाड़ी से 135 बोतल अवैध शराब जब्त



संवाददाता

रामगढ़(दुमका)। थाना क्षेत्र अंतर्गत अमरपुर के समीप से रामगढ़ थाना की गश्ती टीम ने बीते बुधवार की रात अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप जब्त की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब लदी जुगाड़ गाड़ी को खदेड़कर पकड़ा गया है। ये कार्यवाही पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गयी। मिली जानकारी के अनुसार एक जुगाड़ गाड़ी से बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब ले जायी जा रही थी। सूचना के सत्यापन व कारवाई हेतु रामगढ़ थाना की गश्ती टीम के द्वारा दुमका हंसडीहा मुख्य मार्ग पर अमरपुर के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रात के करीब पौने 12:00 बजे दुमका की ओर से आ रही एक काले रंग की जुगाड़ गाड़ी को रोकने का इशारा किया गया लेकिन चालक ने गाड़ी को और तेजी से भागने की कोशिश की। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गाड़ी का पीछा किया और ग्राम सारंगपानी में गाड़ी को रोका गया।

हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर शराब तस्कर और चालक वाहन को मौके पर छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गए। इसके बाद गाड़ी की तलाशी ली गई तो पुआल के नीचे पुलिस को मैकडॉनल्ड्स नंबर वन कंपनी के 375 मिली वाली 135 बोतल शराब चार सब्जी रखने वाले कैरेट में मिली। अंग्रेजी शराब व जुगाड़ गाड़ी को जब्त कर रामगढ़ पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में विभाग को सहयोग दीजिए : एडीपीओ

संवाददाता

देवघर । झारखंड शिक्षा परियोजना देवघर,समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का विद्यालय प्रबंधन समिति से संबंधित दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण 3 दिसंबर एवं 04 दिसंबर को आर. मित्रा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालय के सभागार संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी देवघर के पत्रांक एसएसए/1873, 30 नवंबर के निदेशानुसार यह प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में देवघर जिला शिक्षा अधीक्षक मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मधुकर ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि प्रबंधन समिति की भूमिका शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में सबसे अहम है और उनकी भागीदारी से ही शिक्षा व्यवस्था सुचारू ढंग से चल सकता है । कार्यक्रम के दौरान एडीपीओ अंबुजा पाण्डेय ने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण है। आप सभी बीआर पी/सी आर पी अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त कीजिए और अपने तरफ़ से भी शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में विभाग को सहयोग दीजिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रानू बोस एपीओ एवं आभा कुमारी ने किया।प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में रानू बोस, डॉ.परशुराम तिवारी, डॉ. इति कुमारी,श्वेता शर्मा, छोटेलाल दास,मनीष कुमार वर्णवाल,धनंजय कुमार,रोहित कुमार ,सरोज कुमार,समेत डायट संकाय सदस्य शोभा कुमारी, रीना कुमारी,अनुभूति एवं परियोजना कर्मी उपस्थित रहे।

चालकों की लापरवाही के विरोध व विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीणों ने कोयला ढुलाई कराया बंद

8 किलोमीटर तक लगा लंबा जाम, यात्री परेशान

संवाददाता

गोपीकांदर। गुरुवार सुबह करीब साढ़े पाँच बजे बाइक सवार एक दम्पति को हाईवा जेएच जेएच 04 एक्स 2936 का चालक ने चकमा देने का प्रयास किया लेकिन पकड़ा गया। हालांकि इस दुर्घटना में किसी की हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन चालकों की लापरवाही के विरोध और विभिन्न मांगों को लेकर चार घण्टे तक कोयला ढुलाई बंद कर दिया। कोयला ढुलाई में लगे हाईवा वाहनों की आठ किलोमीटर तक जाम लग गया। इस जाम में सिर्फ कोयला ढुलाई में लगे हाईवा को ही रखा गया था बाकी वाहनों का आवागमन जारी रखा गया था। दुर्गापुर-सिलंगी मोड़ के बीच लाला होटल के पास से लगे जाम कुश्चिरा बॉर्डर के पार बने कांटा तक जबकि

दुमका की ओर जोड़ा सिमल गांव तक हाईवा कतार में लगे रहे। जाम की सूचना पर गोपीकांदर एएसआई मनचुरियन पूर्ति दल-बल और बीजीआर के पेट्रोलिंग मैनेजर मनोज चांद और बैजनाथ राय जामस्थल पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन विफल रहा। ग्रामीणों ने स्कूली बच्चों के लिए बस की सुविधा, हाईवा वाहनों की स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घण्टा सहित अन्य मांगों को रखी। थाना प्रभारी ने सभी माँगों को पूरा करवाने का आश्वासन देने के बाद जाम को खोल दिया गया।

पीड़ित बाइक सवार कुंवर हांसदा ने बताया कि वह अपनी पत्नी रोजमेरी हेम्ब्रम के साथ महेशपुर थाना क्षेत्र के परीयारदह गांव से वापस घर मजड़िहा जा रहा था। इसीबीच लाला होटल के पास सड़क के दोनों तरह हाईवा वाहनों का कतार लगा हुआ था। हाईवा जेएच 04 एक्स 2936 का चालक ने लापरवाही से बाइक सवार को चकमा देने का प्रयास किया। कुंवर बाइक लेकर सड़क किनारे गिर पड़ा हालांकि इस दुर्घटना में दम्पति को चोट नहीं आई है। हाईवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया था।

गौचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से की शिकायत

संवाददाता

मसलिया । मसलिया अंचल क्षेत्र के बसकीडीह पंचायत के घांसीमारनी मौजा के गौचर भूमि प्लाट संख्या 1544 को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर ग्राम प्रधान प्रधान मुर्मू व ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी, उपायुक्त व अंचलाधिकारी को लिखित शिकायत किया है। ग्रामीणों का आरोप सड़क निर्माण करा रही कंपनी मिनी कंस्ट्रक्शन पर है। जो गौचर भूमि प्लाट संख्या 1544 पर सड़क निर्माण की सामग्री गिट्टी, पत्थर व अवैध बालू का डंप किया हुआ है। इसको लेकर घांसीमारनी मौजा ग्राम प्रधान प्रधान मुर्मू ने कंपनी के साइड इंचार्ज रामु कुमार को गौचर भूमि छोड़ कर बगल में ग्रामीणों की जमाबंदी जमीन पर रखने को कहा गया लेकिन उन्होंने मनमानी करते हुए कहा कि सरकारी काम कर रहे हैं सरकार के जगह पर गिरा रहे हैं। अधिक बोलोगे तो आपलोगों पर ही केस कर जेल भेजवा दूंगा। प्रधान मुर्मू का कहना है कि सड़क निर्माण कंपनी इसके अलावे और भी कई स्थानों में गौचर जमीन पर निर्माण सामग्री गिराया हुआ है। जिसमें जोगिडीह गांव के काली मंदिर के सामने की गौचर प्लाट भी है। वहीं आगे शिला नदी का अवैध बालू चलवाने का भी आरोप लगाया है। प्रधान मुर्मू व ग्रामीणों ने बताया कि शिला नदी में जोगिडीह गांव के पास जरगड़ी जलापूर्ति योजना का इंटेक वेल बनाया गया है। और उसी नदी का समूचा बालू उठाकर रातों रात मिनी कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्लांट में गिरवा रहा है। अवैध बालू का ढेर गौचर जमीन पर लगा दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गौचर गाय बैलों के चरने की जमीन होती है। आसपास में कई ऐसे जमाबंदी जमीन पड़ी हुई है जहां भी बालू गिरा सकता था लेकिन 1544 प्लाट पर जहां तहां बालू गिट्टी पत्थर गिराकर अतिक्रमण किया हुआ है।

रैयत लबशर हेंब्रम ने जमाबंदी जमीन पर अतिक्रमण का लगाया आरोप-

घांसीमारनी मौजा के ही रैयत लबशर हेम्ब्रम ने अपने जमाबंदी जमीन संख्या 1545 पर कंपनी का प्लांट बैठाने व अवैध बालू डंप कराने का आरोप लगाया है। लबशर कहना है कि मुझे बगैर जानकारी व बगैर अनापत्ति प्रमाण पत्र के ही प्लांट बैठाने व सड़क निर्माण सामग्री गिराया गया है। इसको लेकर अंचलाधिकारी मसलिया अनुमंडल पदाधिकारी व उपायुक्त को चिट्ठी लिख कर उचित कारवाई करने व गौचर तथा जबरन बनाये प्लांट की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

देवघर के खिलाड़ियों को नेशनल ओलंपिक तक ले जाने का ट्रैक मैं तैयार करूंगा : डॉ सुनील खवाड़े

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । तीसरा देवघर जिला स्कूल ओलंपिक चैंपियन शिप का शुभारंभ स्थानीय केके स्टेडियम में देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया।साथ में झारखंड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंदु दुबे जी,देवघर जिला ओलंपिक संघ के सचिव चन्दना झा,देवघर डीएसए सचिव आशीष झा, उपाध्यक्ष संजय मालवीय,बीरेंद्र सिंह, एथलेटिक्स के सचिव मनोज मिश्रा, दीपक कुमार, कृष्ण कुमार बर्नवाल,कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा, जिम्मी, गोरे ,प्रीतम भारद्वाज, विद्यानंद राय ,मौजूद थे।इसके उपरांत स्पेटेकरा के बच्चियों ने इस खेल से लोगों को रूबरू कराया ,फिर

अंतराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता मनीष मुंडा,और उनके साथ नेशनल पदक विजेता,और डॉल्फिन डांस एकेडमी के बच्चों द्वारा अदभुत करतब का प्रदर्शन किया।, इस बार 13 खेल इस चैंपियन शिप में हो रहा है।जो कि केकेएन स्टेडियम,आर मित्रा स्कूल,और इनडोर स्टेडियम में होगा। इनडोर मे आज बैडमिंटन और कब्बड्डी का आयोजन हुआ।

जबकि केकेएन स्टेडियम में एथलेटिक्स,चेस और कराटे, का खेल हुआ।देर शाम तक चले इस चैंपियनशिप में अब तक एटलेटिक्स में सीनियर और जूनियर वर्ग में 1500 मीटर,600 मीटर 400 मीटर 100 मीटर का दौड़ हुआ।1500 मीटर बॉयज में पहला स्थान रंजन कुमार, विद्यापीठ के नितेश कुमार, जेपीएस के अनुपम कुमार,600 एसकेपी के सोहराब खान द्वितीय स्थान आरकेवीएम के सुमन कुमार तृतीय स्थान के प्रिंस यादव 600 मी बालिका बारे में बीएसएस के दीपिका कुमारी द्वितीय स्थान एसकेपी के खुशी भारती ,तृतीय स्थान संत माइकल के नीतिका कुमारी.400 मी बालिका वर्ग में प्रथम स्थान बीएसएस की राधिका कुमारी द्वितीय स्थान एसएलपी की विनीता कुमारी तृतीय स्थान एसएलपी की प्रिया कुमारी 100 मी बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मात्री मंदिर की ज्योति प्रकाश द्वितीय स्थान बीएसएस की अपील हेंब्रम , तृतीय स्थान डिवाइन पब्लिक की कोमल कुमारी कोमल कुमारी 400 मी सीनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान एसकेपी के अमन कुमार।द्वितीय स्थान डीएवी सातर के सचिन कुमार तृतीय स्थान आरकेवीएम के इशांत कुमार कब्बड्डी में नॉक आउट में माउंट लीटेरा ने डीएवी सातर को,लीलानंद पागल बाबा ने एसकेपी विद्या बिहार को,रेड रोज ने मैत्रीय को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।जबकि बालक वर्ग में डीएवी सातर ने दिल्ली पब्लिक स्कूल को,मैत्रीय ने मॉडर्न पब्लिक स्कूल को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

इस आयोजन को सफल बनाने में विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारी सेपक टेकरा के सचिव शिबू सिंह, कराटे के सचिव संजय झा,चेस के सौरभ,योगा संघ के सचिव संजय विप्लव विश्वास, कब्बड्डी के आलोक कुमार अपनी पूरी टीम के साथ लगे हुए थे।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686